संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

24 जून 2026, बुधवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 272

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## अलका यागिनक समेत 65 हस्तियों को मिला पद्म पुरस्कार

**नई दिल्ली ।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित 'सिविल इन्वेस्टिचर सेरेमनी-2' में वर्ष 2026 के लिए 65 विशिष्ट हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। सम्मानित होने वालों में झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री शिबू सोरेन, प्रसिद्ध गायिका अलका याग्निक, अभिनेता ममूटी और पूर्व टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज प्रमुख रहे।

# शिबू सोरेन ला़गित् बेण्डावेनतायनो़म 'पद्म भूषण'

## राष्ट्रपति दो़ शिबू रेन ओड़ाक् हो़ड़त रूपी सोरेने चालआदेया नोआ मानो़त










**खोबोरिया**

**दुमका। झारखंड** आंदोलन रेन गो़रो़बआन इतिहास आर आदिवासी सोमाज रेन अधिकारको रेयाक् ला़ड़हा़ई तेहेञ दो़ दिसा़म ता़री रे मित् ऐतिहासिक पहचान ए ञाम आकादा। झारखंड मुक्ति मोर्चा रेन संस्थापक, झारखंड अलग राज्य आंदोलन रेन महानायक आर पो़नो़त रेन पूर्व मुख्यमंत्री बोंगातालावाकान शिबू सोरेन (दिशोम गुरू) दो़ गुरतायनो़म दिसा़म रेयाक् तेसाराक् चेतानता़र नागरिक स मान मानो़त 'पद्म भूषण'तेको मानो़त आकादेया। नोआ गरिमामयी मानो़त दो़ मंगलवार हिलोक् मंगलवार हिलोक् नावां दिल्ली रे मेनाक् संसद भवन ओड़ाक् रे मित् खासआर भव्य अलंकरण समारोह ओ़कतेको मानो़त चालआदेया। दिसा़म रेनराष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो़ बोंगाताला शिबू सोरेन रेन ओड़ाक् हो़ड़ आर सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन रेन गो़गो़ रूपी सोरेन नोआ मानो़तआन सम्मान मानो़त एमकाते पुरा़ झारखंड रेयाक् गो़रो़ब ताहेंयेना। नोआ ऐतिहासिक आर भावुकआन ओ़कते रेन सा़खी बेनाक् ला़गित् सोरेन घारो़ंज रेन आयमा रा़सिया संसद भवन समारोह रेको सेलेत् एना। नोआ खास ताक रे गांडेय क्षेत्र रेन विधायक कल्पना सोरेन, अंजनीसोरेन आर घारो़ंज रेन एटाक् रा़सिया खासकायतेको सेलेत् एना। झारखंड रेन गुरूजी ञुतुम ते नामडाक शिबू सोरेन ला़गित् नोआ चेतानता़र मानो़त दो़ उनी होतेते आदिवासी सोमाज रेयाक् उतना़उ ला़गित् अभूतपूर्व का़मीको, जल जंगल जमीन बांचाव जोगाव ला़गित्ए ला़ड़हा़येन ऐतिहासिक ला़ड़हा़ईको, झारखंड अलग राज्य बेनाव आंदोलन रे उनीयाक् आ़गलाहा आ़युर आर सार्वजनिक जियोन रे एम केत् एनेमउनीयाक् आयमा एनेम का़मीको ला़गित् एम आकावादेया। दिसा़म ता़रीरे ञाम केत् नोआ स मान मानो़त दो़ मिमित् झारखंडीकोवाक् संघर्ष आर अस्मिता जिता़उ रेयाक् चिन्हा़को मानावेत् काना।

### पिता शिबू सोरेन के प्रति पुत्र की स्मरणांजलि

## गुरुजी के सपनों, संघर्षों और मूल्यों का सम्मान : हेमंत



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत मिले पद्मभूषण सम्मान को लेकर एक्स पर बड़ा भावुक पोस्ट किया है। हेमंत सोरेन अपने मनोभावों को व्यक्त करते हुए अपने पिता के त्याग, संघर्ष, समर्पण, जनसेवा और लोक कल्याण के लिए किए गए कार्यों को लेकर पद्म भूषण सम्मान के रूप में मिले मान को हृदयंगम किया है।

**हेमंत सोरेन ने एक्स पर अपनी जो भावना व्यक्त की है, उसे यहां शब्दशः उद्धृत किया गया है –**

आज स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा पद्म भूषण सम्मान से अलंकृत किया जाना उनके आजीवन संघर्ष, त्याग, जनसेवा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण को दिया गया सम्मान है। बाबा के संघर्ष की साथी, आदरणीय माँ ने यह सम्मान ग्रहण किया।

यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि उन संघर्षों, मूल्यों और सपनों का सम्मान है, जिनके लिए विराट वृक्ष रूपी दिशोम गुरुजी जीवनभर अडिग होकर खड़े रहे। मैं स्मृति शेष दिशोम गुरुजी को यह सम्मान प्रदान किए जाने के लिए आदरणीय राष्ट्रपति जी एवं केंद्र सरकार के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ।

जल, जंगल, जमीन, आदिवासी अस्मिता, सामाजिक न्याय और झारखंड के हक-अधिकारों की लड़ाई में दिशोम गुरुजी का नेतृत्व ऐतिहासिक, अद्वितीय और अविस्मरणीय रहा है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन वंचितों, शोषितों, आदिवासियों और मेहनतकश समाज के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित किया।

जहां एक ओर, दिशोम गुरुजी झारखण्ड अलग राज्य के निर्माण के संघर्ष के साथ-साथ, अखिल भारत के राज्यों के आदिवासी, दलित, शोषित, पीड़ित के संघर्ष के प्रेरणाश्रोत बनें; वहीं दूसरी ओर वे सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनजागरण, शिक्षा की अलख जगाने और समाज को संगठित करने के कार्य में भी सदैव नेतृत्वकर्ता रहे।

हम मानते हैं कि पुरस्कार/सम्मान का महत्व उस भावना में होता है जिसके साथ वह दिया जाता है। बाबा को किसी ने महाजनी व्यवस्था के खिलाफ लड़ने वाला योद्धा कहा, किसी ने आदिवासियों और गरीबों के अधिकारों का प्रहरी। लेकिन हमारे लिए वे ऐसे जननायक हैं जिन्होंने सत्ता से अधिक जनता के दिलों में अपनी जगह बनाई।



आज देश ने पद्म भूषण सम्मान से स्मृति शेष बाबा दिशोम गुरुजी के महान योगदान को नमन किया है, किंतु झारखंड सहित देशभर के करोड़ों लोगों के हृदय में बाबा को जो स्थान प्राप्त है, वह सदैव सर्वोच्च रहा है। हमारे लिए दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी भारत के रत्न थे, हैं और सदैव रहेंगे। स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! जय झारखंड!

## संक्षिप्त खबरें

### तेजप्रताप के आवास से 20 लाख से ज्यादा की चोरी

**पटना ।** तेज प्रताप यादव ने अपने करीबी और निजी सहायक (पीए) मोतीलाल राय के खिलाफ पटना के सचिवालय थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पुलिस को दिए लिखित आवेदन में आरोप लगाया है कि उनके सरकारी आवास से करीब 20 लाख रुपये नकद समेत कई कीमती सामान चोरी हो गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि अलमारी से लगभग 20 लाख रुपये नकद, दो तोला सोने की चेन, एक सोने की अंगूठी, चार नए ड्रोन, दो हार्ड डिस्क, एक आईपैड, एक मैकबुक, एक लेनोवो लैपटॉप और चार आईफोन 17 प्रो मैक्स मोबाइल फोन गायब मिले। तेज प्रताप यादव का दावा है कि चोरी हुए 20 लाख रुपये पार्टी फंड के थे।

### अन्ना हजारे आरटीआई नियमों के खिलाफ करेंगे अनशन

**मुंबई ।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने महाराष्ट्र सरकार के नए आरटीआई नियमों का विरोध करते हुए 5 जुलाई से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि यदि 12 जून को लागू किए गए संशोधित नियमों को तत्काल वापस नहीं लिया गया, तो वे अपने गांव रालेगण सिद्धि में भूख हड़ताल शुरू करेंगे।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उनका इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। यह निर्णय भारत के संविधान के अनुच्छेद 75 के खंड (2) के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह पर लिया गया।

## महिला कैदी गर्भवती प्रकरण : हाईकोर्ट में मेडिकल और न्यायिक जांच रिपोर्ट पेश

**संवाददाता**

**रांची ।** रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (होटवार जेल) में एक महिला कैदी के गर्भवती होने और उससे जुड़े कथित यौन शोषण के मामले में झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने पीड़ित महिला की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में अदालत के समक्ष प्रस्तुत की। वहीं, उच्च न्यायालय के निर्देश पर कराई जा रही न्यायिक जांच की वर्तमान स्थिति से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट भी अदालत में दाखिल की गई।




मामले की सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और राजेश शंकर की खंडपीठ ने की। सुनवाई के दौरान रांची के जुडिशियल कमिश्नर की ओर से न्यायिक जांच से संबंधित सीलबंद रिपोर्ट भी अदालत में प्रस्तुत की गई। रिपोर्ट का अवलोकन करने के बाद अदालत ने मामले की अगली सुनवाई नौ जुलाई निर्धारित की है।

पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को अवगत कराया था कि मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के जुडिशियल कमिश्नर ने 19 मई 2026 को जुडिशियल मजिस्ट्रेट-11, रांची को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 196(2)(बी) के तहत न्यायिक जांच करने का निर्देश दिया था। साथ ही एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया था। सरकार ने अदालत को भरोसा दिलाया था कि रिपोर्ट प्राप्त होते ही उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

उच्च न्यायालय ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार से पीड़ित महिला की मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट तथा रांची के जुडिशियल कमिश्नर से न्यायिक जांच रिपोर्ट तलब की थी। मंगलवार को दोनों रिपोर्टें अदालत के समक्ष सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की गईं। उल्लेखनीय है कि यह मामला उस समय चर्चा में आया था जब विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मुद्दे को उठाया था और मीडिया में भी इससे संबंधित खबरें सामने आई थीं। इसके बाद झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) ने मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम गठित की थी।

## भवानीपुर के ईवीएम-वीवीपैट सुरक्षित रखे जाएं जरूरत पड़ने पर जांच होगी : कलकत्ता हाईकोर्ट

**एजेंसी**

**कोलकाता ।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की भवानीपुर विधानसभा सीट के रिजल्ट में गड़बड़ी के आरोपों पर सुनवाई की। कोर्ट ने मतगणना से जुड़े सभी अहम साक्ष्य सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट, सीसीटीवी फुटेज और अन्य संबंधित रिकॉर्ड संरक्षित रखे जाएं। जरूरत पडने पर उनकी जांच होगी। जस्टिस गौरांग कांत ने मतगणना केंद्र रहे शेखावाटी मेमोरियल स्कूल के अंदर और बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सुरक्षित रखने का भी आदेश दिया। अदालत ने मामले में सभी संबंधित पक्षों को शामिल करने के निर्देश भी दिए हैं। इसके तहत मुख्यमंत्री शुभेंदु उनके सलाहकार सुभ्रत गुप्ता और सुनील अग्रवाल को पक्षकार बनाने का आदेश दिया गया है। भवानीपुर सीट पर शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व सीएम ममता बनर्जी को 15,105 वोटों से हराया था।

## क्रास वोटिंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : नितिन नवीन

**एजेंसी**



**नई दिल्ली ।** कर्नाटक विधान परिषद चुनाव में कथित क्रॉस-वोटिंग के मामले में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र से नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि जो लोग क्रॉस-वोटिंग करके पार्टी के साथ विश्वासघात करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में नितिन नवीन ने 2028 में होने वाले विधानसभा चुनावों में एकजुट होकर लड़ने और पार्टी की जीत सुनिश्चित करने की सलाह दी है। भाजपा मुख्यालय में हुई बैठक में कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर अशोक भी मौजूद रहे।

## राममंदिर चढ़ावा चोरी की रिपोर्ट एसआईटी ने सरकार को सौंपी

### एफआईआर और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश

- अब जमीन खरीद-फरोख्त की होगी जांच

**एजेंसी**

**अयोध्या ।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी ने मंगलवार को अपनी जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें एफआईआर दर्ज करने और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश की गई है। किसी सीनियर अफसर को मंदिर का ष्टश्वह्र नियुक्त करने का भी सुझाव है। डिटेल जांच के लिए एसआईटी ने और समय मांगा है। रिपोर्ट गृह विभाग के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी संजय प्रसाद को रिपोर्ट सौंपी गई है। टीम ने बताया



कि 20 पन्नों की यह शुरुआती रिपोर्ट है। इसमें 150 लोगों से पूछताछ की डिटेल है। वहीं, अब जमीन खरीद-फरोख्त की जांच होगी। एसआईटी की नजर उन नए चेहरों पर टिक गई है, जो मंदिर परिसर के कर्मचारी नहीं हैं, लेकिन ट्रस्ट से जुड़े प्रभावशाली लोगों के करीबी बताए जाते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने पिछले 5 साल के चढ़ावे का ऑडिट कराने की भी सिफारिश की है। चढ़ावे में अनियमितता रोकने के लिए सुझाव दिए हैं।

## बोकारो : शोले स्टाइल में 165 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ी नाबालिग

### जेल में बंद प्रेमी को रिहा करने की जिद पर अड़ी

**संवाददाता**

**बोकारो ।** झारखंड के बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेंढे गांव में मंगलवार सुबह उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक नाबालिग लड़की अपनी मांग मनवाने के लिए 165 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गई। ललपनिया थाना क्षेत्र के तिलैया गांव की रहने वाली इस लड़की को टावर पर देख इलाके में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लड़की की जिद है कि जब तक जेल में बंद उसके प्रेमी को रिहा नहीं किया जाता, वह नीचे नहीं उतरेगी।

नाबालिग लड़की का आरोप है कि पुलिस ने उसके प्रेमी को गलत तरीके से गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया



है। उसने टावर के ऊपर से ही धमकी दी कि वह रांची निवासी अपने प्रेमी से बेहद प्यार करती है और उसी से शादी करना चाहती है। स्थानीय ग्रामीणों ने पहले तो अपने स्तर से लड़की को समझाने और नीचे उतारने का काफी प्रयास किया, लेकिन जब वह अपनी बात पर अड़ी रही तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही गोमिया और ललपनिया थाने की पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुँची। ललपनिया थाना प्रभारी ने लाउडस्पीकर और अन्य माध्यमों से लड़की से बातचीत कर उसे नीचे आने के लिए मनाने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, कुछ दिन पहले लड़की के परिजनों ने ललपनिया थाने में उसके लापता होने या अपहरण किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी।

तफ्तीश के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लड़की को रांची से सकुशल बरामद किया था। चूंकि परिजनों की शिकायत दर्ज थी, इसलिए पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के तहत लड़की के साथ मौजूद उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया था।

### बेंगलुरु में ट्रिपल मर्डर

## माता-पिता और बहन की हत्या कर प्रेमी संग फरार हुई बेटी

**एजेंसी**

**बेंगलुरु ।** आईटी सिटी बेंगलुरु के केआर पुरम पुलिस स्टेशन इलाके से एक बेहद सनसनीखेज और दिल दहला देने वाला तिहरा हत्याकांड सामने आया है। यहाँ सीगेहल्ली स्थित साई ग्रीन अपार्टमेंट (धामनिक लेआउट) में एक ही परिवार के तीन सदस्यों का बेरहमी से कत्ल कर दिया गया। इस खौफनाक वारदात का आरोप किसी बाहरी पर नहीं, बल्कि परिवार की ही बड़ी बेटी श्वेता और उसके ब्वॉयफ्रेंड केनेथ पर लगा है। घटना को अंजाम देने के बाद से ही दोनों आरोपी मौके से फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

पुलिस जांच में सामने आया है कि श्वेता अपने ब्वॉयफ्रेंड केनेथ के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रहती थी, जिसका उसके पिता सोमसुंदर और मां मुथुलक्ष्मी लगातार विरोध कर रहे थे। इसके अलावा श्वेता पर करीब 30 लाख रुपये का भारी कर्ज भी था, जिसे लेकर माता-पिता उसे अक्सर टोका करते थे। इस कर्ज और प्रेम प्रसंग के विरोध के कारण घर में लंबे समय से मानसिक तनाव का माहौल बना हुआ था। माना जा रहा है कि इसी विवाद और गुस्से के चलते श्वेता ने अपने पार्टनर के साथ मिलकर पूरे परिवार को खत्म करने की खौफनाक साजिश रची। जांचकर्ताओं के मुताबिक, श्वेता और केनेथ अचानक परिवार से मिलने अपार्टमेंट पहुँचे थे। उस वक्त घर में सिर्फ उसकी मां मुथुलक्ष्मी ही अकेली थीं, जबकि पिता सोमसुंदर और छोटी बहन सुप्रिया किसी काम से बाहर गए हुए थे।

## कतरास में भू -धंसान, लोगों में हड़कंप



**संवाददाता कतरास।** कतरास कांटापहाड़ी में मंगलवार की शाम अचानक जमीन में दरार पड़ गई। जिससे आस पास में दहशत फैल गई। जोरदार आवाज के साथ जमीन में दरार तथा भू-धंसान की घटना के बाद लोग मौके पर पहुंचे। बीसीसीएल की पिट वाटर पाइप के बगल में दरार पड़ गई है। करीब 20 से 25 फीट की परिधि में गोफ बन गया है, जिसके बगल में कुछ दूरी पर जमीन धंस गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम करीब पांच बजे अचानक जोरदार आवाज के बीच जमीन धंसने लगी, जमीन आसपास दरार पड़ गई। घटना के समय सभी अपने अपने घरों तथा दरवाजे पर थे। तभी शाम जोरदार आवाज के साथ धरती में कंपन महसूस हुआ। यह सिलसिला करीब पांच मिनट तक चलता रहा। घरों में हो रहे कंपन के भय से हमलोग अपने अपने घरों से पूरे परिवार के साथ बाहर निकल आए। घटना स्थल बस्ती महज 40 से 50 की फीट की दूरी पर है। लोगों ने बताया कि तत्काल घटना की सूचना दूरभाष से बीसीसीएल प्रबंधन को दिया गया है। अभी तक कोई भी अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे हैं।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



**संताल एक्सप्रेस रांची।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भारतीय जनता पार्टी की झारखंड इकाई ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय और मुखर्जी पार्क में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने डॉ. मुखर्जी की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय के अलावा राज्य भर के विभिन्न मंडलों में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण, राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए किए गए योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।आदित्य साहू ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण के लिए डॉ. मुखर्जी का संघर्ष और राष्ट्रहित में दिया गया उनका सर्वोच्च बलिदान भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने कहा कि ÷एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे÷ का उनका संकल्प राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उनका जीवन और संघर्ष आज भी देशवासियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है।प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग और संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।

## बीस घंटे के बाद एएमपी कोलियरी से उठा शव



**बाघमारा।** शताब्दी-चिटाही मुख्य मार्ग पर मृत पाए गए बीसीसीएल कर्मी तुलेश्वर नोनिया की मौत के बाद उपजा विवाद आखिरकार शांत हो गया है। मृतक के आश्रित को नियोजन (नौकरी) देने की मांग को लेकर परिजनों और विभिन्न श्रम संगठनों (यूनियन) द्वारा एएमपीसी कोलियरी में किया जा रहा चक्का जाम आंदोलन मंगलवार को समाप्त हो गया। ?20 घंटे के बाद यह गतिरोध बाघमारा अंचलाधिकारी (सीओ) गिरजानंद किस्कू की मध्यस्थता और सक्रिय हस्तक्षेप के बाद हुई त्रिपक्षीय वार्ता के बाद टूटा।


**90 दिनों के भीतर नौकरी देने पर बनी सहमति-**

आंदोलन के चलते कोलियरी का कामकाज पूरी तरह ठप था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कू मौके पर पहुंचे और उनकी मौजूदगी में बीसीसीएल प्रबंधन, क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों और यूनियन नेताओं के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक हुई।वार्ता में प्रबंधन पहले आश्रित को प्रोविजनल नियुक्ति देने का प्रस्ताव रख रहा था, जिसे प्रबंधन ने खारिज कर दिया। आखिरकार काफी विचार-विमर्श के बाद प्रबंधन ने लिखित सहमति दी कि मृतक कर्मी के योग्य आश्रित को 90 दिनों के भीतर स्थायी नियोजन प्रदान कर दिया जाएगा। मौके पर बाघमारा सीओ गिरजानंद किस्कू और बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार, संतोष सिन्हा यथा यूनियन नेताओं में संतोष गोराई, जेके झा, उमाकांत राय, नर्मदेश्वर पांडेय, मंगल हेंब्रमआदि मौजूद थे।

## पश्चिमी मसलिया में बिजली ठप,ग्रामीणों में आक्रोश

**मसलिया।** मसलिया प्रखंड के पश्चिमी हिस्से में लगातार तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ने लगा है। बास्कीडीह, बड़ाडुमरिया, गुमरो और खुटोजोरी पंचायत के करीब दो दर्जन गांव अंधेरे में डूबे हुए हैं। बिजली संकट के कारण दैनिक जीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि बिजली नहीं रहने से घरों में लगे पंखे, फ्रिज, मोटर और अन्य विद्युत उपकरण बेकार हो गए हैं।

## सिदपहाड़ी के पास टापू बनी सड़क



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बसमत्ता स्थित स्टेट बैंक तक पहुंचना अब एक खतरनाक सफर बन चुका है। सिदपहाड़ी गांव के पास की मुख्य सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। बारिश के कारण सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढे अब तालाब का रूप ले चुके हैं। इसके चलते स्थानीय लोगों, बुजुर्गों, महिलाओं और विद्यार्थियों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, बरसों से मरम्मत न होने के कारण सड़क की हालत बद से बदतर हो गई है। जलजमाव की वजह से आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। बैंक के जरूरी कामों के लिए लोगों को इसी बदहाल रास्ते से गुजरना पड़ता है, जिससे समय और ऊर्जा दोनों की बर्बादी हो रही है। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अविलंब सड़क मरम्मत की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनासेल मंडल,स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान कामी लागित् खुला ठिका खोबोर सं.: 26-**एसडीएसटीई-एएसएन**-2026-27, **माहित** 22.06.2026 तारी रे ई-ठिका नेवतायेत् काना। **कामी रेयाक् ञुतुम/जायगाः** ''आसनसोल मंडल-स्टेशनको/केबिन रे डेटा लॉगर आर एमएसडीएसी लागित् एनालाइजिंग सॉफ्टवेयर सालाक् ते डायग्नोस्टिक टर्मिनल रेयाक् प्रावधान''। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 1,71,02,563/-, **बायना पायसाः** रु. 3,42,100/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** एलओए ओडोडोक् रेयाक् तारीक खोन 18 चान्दो। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 15.07.2026 हिलोक् 14.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बानाडायः http://www.ireps.gov.in**

ASN-151/2026-27

ठिका खोबोरको दो वेबसाइटः**www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## 50 हजार के लिए प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने दी जान

**कोडरमा ।** जयनगर थाना क्षेत्र के लतबेधवा गांव में एक 23 वर्षीय नवविवाहिता संजना कुमारी ने फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। संजना का विवाह चार महीने पहले मरकच्चो निवासी अमर सिंह के साथ दोनों परिवारों की सहमति से (लव मैरिज) हुआ था। वह पांच दिन पहले ही अपने मायके आई थी।घटना की रात संजना गिरिडीह के झारखंडी धाम में एक शादी समारोह से लौटी थी।

# भाजपा और झामुमो नेताओं ने गुरुजी को मिले सम्मान को बताया गौरवशाली

## झारखंड की माटी और संघर्ष को मिला सम्मान

**संताल एक्सप्रेस**

रांची। झारखंड के राजनेताओं ने दिवंगत शिबू सोरेन को मरणोपरांत मिले पद्म भूषण सम्मान को लेकर उनके प्रति अपनी सद्भावना व्यक्त की है। भाजपा और झामुमो के नेताओं ने कहा कि यह सम्मान दिवंगत शिबू सोरेन को नहीं, बल्कि उनके कर्मों को यादकर दिया गया। झारखंड की माटी, यहां के लोगों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को सम्मान मिला है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन को आज सम्मान के रूप में उनकी कीर्ति, सतत परिश्रम और समर्पण को सम्मानित किया गया है।

**झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और गौरव का सम्मान : संजय सेठ**



रांची। रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि यह सम्मान केवल एक महान जननायक का नहीं, बल्कि पूरे झारखंड की अस्मिता, संघर्ष और गौरव का सम्मान है।

सेठ ने कहा कि दिशोम गुरु ने अपने पूरे जीवन में समाज को नशामुक्ति, शिक्षा, स्वावलंबन और कृषि से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उनका संघर्षपूर्ण जीवन अन्याय, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध डटकर खड़े होने की प्रेरणा देता है। वे सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और जनकल्याण के लिए समर्पित रहे।

**झारखंड की मिट्टी, संघर्ष की परंपरा और जनआंदोलन की भावना का सम्मान : रघुवर दास**



दिशोम गुरु आदरणीय शिबू सोरेन जी को पद्म भूषण (मरणोपरांत) सम्मान मिलना झारखंड के लिए गौरव की बात है। राष्ट्रपति भवन में आज माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के हाथों से उनकी धर्मपत्नी आदरणीय रूपी सोरेन जी ने यह सम्मान ग्रहण किया।

झारखंड आंदोलन के अग्रदूत गुरुजी ने अपना पूरा जीवन झारखंड की पहचान, आदिवासी समाज के अधिकारों, जल-जंगल-जमीन और सामाजिक न्याय की लड़ाई को समर्पित किया है। उनका संघर्ष, समर्पण और जनसेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।माननीय राष्ट्रपति जी और माननीय प्रधानमंत्री जी का आभार।

**आदिवासी अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का सम्मान :आदित्य साहु**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने झारखंड के दिवंगत नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने इसके लिए मोदी सरकार का आभार व्यक्त किया है। साहू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से प्रदान किया गया यह सम्मान उनके आजीवन संघर्ष, जनसेवा, आदिवासी अधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति समर्पण का राष्ट्रीय सम्मान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश उन महान विभूतियों के योगदान को उचित सम्मान दे रहा है, जिन्होंने समाज और राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य भूमिका निभाई है। यह उसी कड़ी का हिस्सा है। उन्होंने आजीवन शराबबंदी, महाजनी प्रथा, दहेज के खिलाफ संघर्ष किया।

**आदिवासी समाज और अलग राज्य आंदोलन से जुड़े लोगों के संघर्ष का सम्मान : विनोद पांडेय**



झामुमो के केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्मभूषण सम्मान दिए जाने पर हर्ष जताया है। पांडेय ने इसे झारखंड की जनता, आदिवासी समाज और अलग राज्य आंदोलन से जुड़े लोगों के संघर्ष का सम्मान बताया है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन जल, जंगल, जमीन, आदिवासी अस्मिता और सामाजिक न्याय की लड़ाई को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि नेमरा गांव से शुरू हुआ उनका संघर्ष झारखंड राज्य निर्माण तक पहुंचा और उन्होंने लंबे समय तक वंचित एवं पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि झारखंड आंदोलन और उससे जुड़े संघर्षों की विरासत का सम्मान है।

## स्वास्थ्य विभाग के 262 अभ्यर्थियों को आज मिलेगा नियुक्ति पत्र : मंत्री

**रांची।** राज्य सरकार की ओर से बुधवार को स्वास्थ्य विभाग में चयनित 262 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंत्री इरफान अंसारी ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नियुक्ति प्राप्त करने वालों में 151 विशेषज्ञ चिकित्सक, 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, 29 सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर और 26 फाइनेंस मैनेजर शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इन नियुक्तियों से राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारियों की नियुक्ति से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की निगरानी को मजबूती मिलेगी। सीनियर हॉस्पिटल मैनेजर अस्पतालों के प्रशासनिक संचालन को बेहतर बनाने में भूमिका निभाएंगे। स्वास्थ्य विभाग ने संकेत दिया है कि आने वाले समय में लगभग 11 हजार अतिरिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई जाएगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

## नगर परिषद अध्यक्ष को मिला प्रशस्ति पत्र

**साहिबगंज।** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग राज्य शहरी विकास अभिकरण के बैनर तले रांची के कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में अमृत 2.0 के तहत दो दिवसीय आवासीय उन्मुखीकरण कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को शहरों को पानी व सीवरेज की समस्या से मुक्त करने पर विस्तृत जानकारी दी गई.रेन वाटर हार्वेस्टिंग व जलाशयों के मामले में शहर को आत्मनिर्भर बनाने की भी जानकारी दी गई. रामनाथ पासवान ने बताया कि अमृत 2.0 के तहत शहर के घरों में नल से साफ पानी, हर घर से गंदा पानी निकालने का पक्का इंतजाम, तालाब व कुआं बचाना एवं गंदे पानी को साफ करके दोबारा इस्तेमाल करने जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई. इसका उद्देश्य 2026 तक हर घर नल योजना का कार्यान्वयन करना है. रामनाथ पासवान ने कहा कि गंगा किनारे बसे राज्य के एकमात्र शहर साहिबगंज को जल्द ही स्वच्छ व स्मार्ट शहर बनाने की दिशा में काम किया जाएंगा.

## गुरूजी को पद्म भूषण सम्मान मिलना झारखंड के लिए गौरव का क्षण : स्पीकर

रांची, 23 जून (हि.स.)। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष (स्पीकर) डॉ रबींद्रनाथ महतो ने झारखंड आंदोलन के नायक और दिशोम गुरु शिबू सोरेन को लोकसेवा के लिये मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किये जाने पर कहा कि यह सम्मान गुरुजी के त्याग और समर्पण की ऐतिहासिक स्वीकृति है।

## विदेशी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**बरहरवा ।** मालदा रेल मंडल के बरहरवा रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है. दोनों के कब्जे से कुल 47.160 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई है. जिसकी अनुमानित कीमत 36 हजार 540 रुपये बताई जा रही है.प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक संजीव कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्रतीक्षालय के समीप दो संदिग्ध व्यक्ति ट्रॉली बैग एवं अन्य सामान के साथ खड़ा हैं. सूचना के सत्यापन के लिए निरीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष दल का गठन किया गया और स्टेशन परिसर में सघन जांच अभियान चलाया गया.जांच के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका गया.पूछताछ करने पर दोनों संतोषजनक जवाब नहीं दे सके तथा संदिग्ध व्यवहार करने लगे.इसके बाद यात्रियों की मौजूदगी में उनके सामान की तलाशी ली गई.

## पति के जीवित रहते हुए सालों से उठा रही थी विधवा पेंशन

**जलडेगा ।** प्रखंड में मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना में हुए फर्जीवाड़े के बाद अब विधवा पेंशन योजना में भी एक बड़ा घोटाला सामने आया है। दरअसल, सरकार द्वारा चलाए जा रहे केवाईसी सत्यापन अभियान के दौरान जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि टिनगिना पंचायत के पियोसोकरा गांव की रहने वाली सुषमा सुरीन पति के जीवित होने के बावजूद पिछले कई सालों से विधवा पेंशन का लाभ उठा रही थीं।सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, सुषमा सुरीन की विधवा पेंशन 10 जनवरी 2021 को स्वीकृत हुई थी। दस्तावेजों की गहन जांच से पता चला कि 31 अगस्त 2022 से 31 मार्च 2026 के बीच उनके खाते में विधवा पेंशन के तौर पर कुल 43,000 ट्रांसफर किए गए। हैरान करने वाली बात यह भी है कि सुषमा सुरीन वर्तमान में जेएसएलपीएस में एफएलसीआरपी के पद पर कार्यरत हैं।इस गंभीर फर्जीवाड़े की जानकारी मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. प्रवीण कुमार ने तुरंत सख्त एक्शन लिया। बीडीओ के कड़े निर्देश के बाद नाजिर रशीद के माध्यम से अवैध रूप से उठाई गई पूरी 43,000 की राशि को सरकारी खाते में वापस जमा (रिकवर) करा लिया गया है।

## सिंफर में सौर पीवी प्रणाली डिज़ाइन पर तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम शुरू



**धनबाद।** सीएसआईआर-केन्द्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान में सॉफ्टवेयर के माध्यम से सौर पीवी प्रणाली डिज़ाइन पर व्यावहारिक प्रशिक्षण विषयक तीन दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम शुरू हुआ। यह कार्यक्रम सीएसआईआर-इंटीग्रेटेड स्किल इनिशिएटिव फेज के अंतर्गत 23 से 25 जून तक आयोजित किया जा रहा है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन विकास, कौशल विकास एवं जिज्ञासा अनुभाग द्वारा वायर रोप एवं विद्युत अभियंत्रण अनुभाग के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियंत्रण, विद्युत अभियंत्रण, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियंत्रण, मैकेनिकल अभियंत्रण तथा सूचना प्रौद्योगिकी पृष्ठभूमि के कुल 24 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रो. अरविन्द कुमार मिश्रा, निदेशक, सिंफर ने नवीकरणीय ऊर्जा, विशेषकर सौर ऊर्जा के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पदार्थ विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के कारण सौर सेल की दक्षता निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने प्रतिभागियों को मूलभूत ज्ञान को मजबूत करने, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने तथा अनुसंधान, नवाचार एवं उद्यमिता की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।इंजी. अमर नाथ, समन्वयक, सीएसआईआर-इंटीग्रेटेड स्किल इनिशिएटिव प्रमुख अनुसंधान समूह, टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट ने युवा अभियंत्रण विद्यार्थियों एवं व्यावसायिक प्रशिक्षुओं के लिए ऐसे कौशल विकास कार्यक्रमों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों की बढ़ती रुचि को देखते हुए मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं सूचना प्रौद्योगिकी विषयों को भी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियंत्रण, विद्युत अभियंत्रण, कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियंत्रण के आलावा कार्यक्रम में शामिल किया गया है।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. जे. के. सिंह, नोडल अधिकारी, कौशल विकास कार्यक्रम, सीएसआईआर-इंटीग्रेटेड स्किल इनिशिएटिव फेज-ढ्ढढ्ढ के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि सभी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में सौर ऊर्जा भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने तथा दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

## झारखंड मजदूर संघ का प्रशिक्षण शिविर

**साहिबगंज।** केंद्रीय कार्यालय बाकुडी में झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित ट्रेनर के रूप में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव,केंद्रीय सहायक मंत्री रविकांत ठाकुर,केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी एवं गणेश ठाकुर उपस्थित हुए.प्रशिक्षण शिविर मे सभी सदस्य ने भारत माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की.प्रशिक्षण शिविर को केंद्रीय सहायक मंत्री रविकांत ठाकुर ने सम्बोधित करते हुए कहा की संगठन को मजबूती के लिए संघ के नियम और उद्देश्यों के बारे में जानकारी गांव के लोगों को बतलाना है.वही केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी ने कहा की संघ के दिशा निर्देश में चलकर श्रमिक संगठन को मजबूती प्रदान करना और अनुशासन बनाए रखना.केंद्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि संगठन को चलाने के लिए कोष की आवश्यकता पड़ती है.इसके बिना सफल संचालन के लिए संभव नहीं है सभी कार्यकर्ताओं से अपील करते कहना है कि सदस्य शुल्क संघ के नियमों के रूप जमा करें.

## बरहेट में भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस



**बरहेट/** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को भूतेश्वर नाथ मंदिर परिसर में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनीष भारती ने की.जबकि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं साहिबगंज जिला प्रभारी अमृत कुमार पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके राष्ट्रवादी विचारों और देश की एकता-अखंडता के लिए दिए गए योगदान को याद किया. मनीष भारती ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का बलिदान देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा.कार्यक्रम के दौरान सेवा, सुशासन के 12 साल बेमिसाल अभियान के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाकर पौधारोपण भी किया गया. नेताओं ने बताया कि यह अभियान प्रखंड के सभी पंचायतों और बूथों तक चलाया जा रहा है. मौके पर नवीन कुमार गुप्ता, बप्पी निर्मल प्रसाद, उदय भगत, अविनाश वर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे.

## 15 राज्यों के भीतर 41 पेपर लीक से 1.4 करोड़ छात्रों का भविष्य लटका अधर में : कांग्रेस




**संताल एक्सप्रेस रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने देश में परीक्षाओं की बदहाली, बेरोजगारी और शिक्षा व्यवस्था के गिरते स्तर पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच देश में लगभग 89 पेपर लीक के मामले सामने आए, जिसके कारण 48 बार दोबारा परीक्षाएं करानी पड़ीं। यह बातें प्रदेश कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुंजनी, प्रदेश मीडिया संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव, मीडिया संयोजक डॉ तौसीफ और प्रवक्ता सोनाल शांति ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में संयुक्त रूप से कही।उन्होंने कहा कि एक अन्य अध्ययन के अनुसार, महज 05 वर्षों में 15 राज्यों के भीतर 41 पेपर लीक हुए। इससे मात्र 01 लाख से कुछ अधिक पदों के लिए संघर्ष कर रहे करीब 1.4 करोड़ अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटक गया, जबकि सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 में 03 से 10 साल की कैद और 10 लाख से 01 करोड़ रुपये तक के भारी जुर्माने का नियम है। इसके बावजूद राजस्थान सहित कई राज्यों में पेपर लीक नहीं रुके, जो यह दर्शाता है कि सिर्फ कानून बना देने से जमीन पर बदलाव नहीं आया।पार्टी नेताओं ने कहा कि सिर्फ चार बड़ी परीक्षाओं में हुई धांधली के कारण 01 करोड़ से ज्यादा छात्र प्रभावित हुए। नीट यूजी 2026 के लगभग 24 लाख अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हुए और अब मामला सीबीआई जांच और उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा। इसी तरह से यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती 2024 पेपर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद परीक्षा रद्द हुई, जिससे 48 लाख छात्र प्रभावित हुए। सीटेट 2021 पेपर लीक की वजह से 28 लाख से अधिक उम्मीदवारों को झटका लगा। यूजीसी नेट 2024 परीक्षा होने के अगले ही दिन इसे रद्द करना पड़ा, जिससे 11 लाख छात्र प्रभावित हुए और दोबारा परीक्षा हुई।

## मसलिया में पेयजल समस्या से आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के रांगा पंचायत अंतर्गत रामखड़ी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को एक महीना से खराब पड़े चापानल को ठीक कराने की मांग करते हुए बीडीओ अजफर हसनैन को एक आवेदन पत्र सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने रांगा पंचायत के सचिव सुनीता टुडू की रवैया से आक्रोशित होकर प्रखंड प्रांगण में बाल्टी, घड़ा, डेकची,बर्तन आदि के साथ दर्जनों महिला पुरुष ने प्रदर्शन किया। इस बारे में ग्राम प्रधान रामजीवन हेंब्रम, ग्रामीण राजेश हेंब्रम, इमानुएल बेसरा, मानेश्वर हेंब्रम, चिता मरांडी, असोनी मरांडी, शांति सोरेन, बबलू हेम्ब्रम, चुड़की हांसदा, आदि ।

## बिना लाइसेंस चल रहा था विवाह भवन नगर निगम ने आरएस प्लेस को किया सील

**धनबाद ।** धनबाद नगर निगम ने बिना लाइसेंस संचालित हो रहे विवाह भवनों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को निगम की टीम ने झरिया के इंदिरा चौक स्थित आरएस प्लेस विवाह भवन पर कार्रवाई करते हुए उसे सील कर दिया।जांच के दौरान पाया गया कि सज्जन लाल के स्वामित्व और संचालन में चल रहे इस विवाह भवन के पास आवश्यक लाइसेंस नहीं था। निगम की ओर से पहले ही संचालक को नोटिस और सार्वजनिक सूचना के माध्यम से लाइसेंस प्राप्त करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय तक आवेदन नहीं किया गया।इसके बाद झारखंड शहरी क्षेत्र धर्मशाला, विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल निर्माण और अनुज्ञप्ति नियमावली 2013 तथा झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत कार्रवाई करते हुए निगम ने प्रतिष्ठान के संचालन पर रोक लगा दी ।

## दानापुर मंडल संसदीय समिति की बैठक



**हाजीपुर ।**मंगलवार को महेन्द्रूघाट, पटना में दानापुर मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन किया गया । इस बैठक में दानापुर मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदगण ने भाग लिया । बैठक की अध्यक्षता नालंदा के माननीय सांसद कौशलेन्द्र कुमार द्वारा की गयी । सभी माननीय सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित मुख्यालय एवं दानापुर मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे ।आज की इस बैठक में राज्यसभा के माननीय सांसद शिवेश कुमार एवं शंभु शरण पटेल तथा आरा के माननीय सांसद सुदामा प्रसाद, बक्सर के माननीय सांसद सुधाकर सिंह, गाजीपुर के माननीय सांसद अफजल अंसारी, नवादा के माननीय सांसद विवेक ठाकुर उपस्थित थे । इनके अलावा माननीय सांसद नीतीश कुमार के प्रतिनिधि के रूप में माननीय विधायक ललन कुमार, माननीय वस्त्र मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह के सांसद प्रतिनिधि कुंदन भारती, माननीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, भारत सरकार जीतन राम मांझी के सांसद प्रतिनिधि संतोष कुमार यादव, माननीय सांसद माननीय सांसद अरुण भारती के प्रतिनिधि अरविंद कुमार उपस्थित थे ।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर महाविद्यालय में योगाभ्यास



**रांची ।** सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर आरटिसी महाविद्यालय में योग के प्रति जागरूकता शारीरिक सुदृढ़ता तथा मानसिक संतुलन के संवर्धन हेतु एक भव्य एवं प्रेरणादाई योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कालीन बेला में महाविद्यालय की प्राचार्यद्य महोदया, शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से योगाभ्यास एवं ध्यान साधना द्वारा संपन्न हुआ । अपने प्रेरणादाई उद्बोधन में प्राचार्यद्य डॉक्टर रिचा पदमा ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम न होकर व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है । उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित योगाभ्यास को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त व्याख्याता गण एवं विद्यार्थी-गण उपस्थित थे .

## साहिबगंज में मेमो ट्रेन से विदेशी शराब बरामद

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** मालदा रेल मंडल के साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को सीआईबी मालदा एवं आरपीएफ की टीम ने विशेष जांच अभियान चलाकर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है. मिली जानकारी अनुसार मंगलवार की सुबह सीआईबी मालदा की टीम ने साहिबगंज आरपीएफ पोस्ट के सहयोग से रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध गतिविधियों एवं प्रतिबंधित सामानों की तस्करी के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया. अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 2/3 पर खड़ी ट्रेन संख्या 63431 अप साहिबगंज जमालपुर मेमू के एक सामान्य कोच में सीट के नीचे दो प्लास्टिक के बोरा लावारिस अवस्था में पड़ा मिला .संदेह के आधार पर जब दोनों बोरों की तलाशी ली गई तो उनमें भारी मात्रा मात्रा विदेशी शराब की बोतल मिली. जांच में दोनों बोरों से कुल 34 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई. जिसकी कुल मात्रा 17.250 लीटर एवं अनुमानित मूल्य 18 हजार 860 रुपये बताई जा रही है. बरामदगी के बाद टीम ने यात्रियों एवं आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर सामान के स्वामी का पता लगाने का प्रयास किया. लेकिन कोई भी व्यक्ति शराब पर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किया. सीआईबी मालदा के एएसआई रविशंकर यादव ने उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर विधिवत जब्ती सूची तैयार कर शराब को जब्त कर लिया. जब्त विदेशी शराब को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने के लिए साहिबगंज आरपीएफ पोस्ट लाया गया तथा आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया.

## ड्यूटी के दौरान बीएलओ की मौत पर विधायक ने चुनाव आयोग को घेरा

**संताल एक्सप्रेस**

**पोड़ैयाहाट।** प्रखंड के सरविंधा गांव में एसआईआर (एसआईआर) ड्यूटी के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) संजू टुडू की ब्रेन हेमरेज से हुई दुखद मौत का मामला अब गरमाता जा रहा है। इस घटना को लेकर स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने सीधे चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोमवार को विधायक प्रदीप यादव मृतिका संजू टुडू के गांव सरविंधा पहुंचे, जहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और अपनी ओर से तत्काल आर्थिक सहायता राशि प्रदान करते हुए आगे हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

**परिजनों का बड़ा आरोप**

एसआईआर का प्रतिशत बढ़ाने का था भारी दबाव मृतिका बीएलओ संजू टुडू के परिजनों ने इस दुखद घटना के पीछे विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि संजू टुडू पिछले कई दिनों से अत्यधिक मानसिक तनाव में थीं। उन पर विभाग की ओर से एसआईआर का प्रतिशत जल्द से जल्द बढ़ाने का लगातार और भारी दबाव बनाया जा रहा था। इसी मानसिक दबाव और टारगेट को पूरा करने की चिंता के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी और अंततः उन्हें ब्रेन हेमरेज हो गया, जिससे उनकी जान चली गई।

**भारी-भरकम काम, पर सुरक्षा शून्य : प्रदीप यादव**

विधायक प्रदीप यादव ने इस पूरे मामले को लेकर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा किया।विधायक ने तीखा सवाल पूछते हुए कहा, चुनाव आयोग और सरकार बीएलओ से बेहद भारी-भरकम, जिम्मेदारी वाला और अत्यधिक मानसिक दबाव का काम लेती है।

## जामताड़ा में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**जामताड़ा।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अजय नदी के कटंकी श्मशान घाट के समीप से बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। कार्रवाई के बाद अवैध बालू कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, माइनिंग इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार को सूचना मिली थी कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों और प्रतिबंधों की अनदेखी करते हुए अजय नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव किया जा रहा है। सूचना मिलते ही उनके नेतृत्व में खनन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की।विभागीय टीम को देखकर ट्रैक्टर चालक और उससे जुड़े लोग वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान ट्रैक्टर पर अवैध रूप से लोड बालू पाया गया। इसके बाद वाहन को जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए जामताड़ा थाना के सुपुर्द कर दिया गया।खनन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और अवैध खनन गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाना है। लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में बेचैनी देखी जा रही है।

## बोआरीजोर में भाजपा के नए प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन




**गोड्डा ।** जिले के बोआरीजोर प्रखंड क्षेत्र स्थित लोहंडिया रिहेब साइड में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम के द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में काफी उत्साह देखने को मिला।उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मनरेगा योजनाओं का विशेष ऑडिट, केंद्र सरकार की टीम ने नाला में किया निरीक्षण

**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश पर जामताड़ा जिले में संचालित मनरेगा योजनाओं के विशेष ऑडिट के तहत मंगलवार को नाला प्रखंड के बंदरडिहा एवं कुलडंगाल पंचायत क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। ऑडिट टीम ने योजनाओं के क्रियान्वयन, वित्तीय प्रबंधन तथा गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया।विशेष ऑडिट के दौरान वरिष्ठ लेखा पदाधिकारी (ग्रेड-ए) एवं टीम लीडर आशुतोष झरदारी तथा अकाउंटेंट मोहित कुमार ने बागवानी मिशन, कुआं, तालाब समेत मनरेगा से संचालित विभिन्न परिसंपत्तियों का भौतिक सत्यापन किया। टीम ने लाभुकों से भी योजनाओं की स्थिति एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्राप्त की।ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की जांच के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विशेष ऑडिट टीम का गठन किया गया है। इसी क्रम में नाला क्षेत्र में योजनाओं का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता निखिल चंद्र साहा, कनीय अभियंता कुंदन कुमार, प्रशांत कुमार सहित संबंधित विभागीय कर्मी उपस्थित रहे। ऑडिट टीम ने योजनाओं के अभिलेखों एवं स्थल की स्थिति का मिलान कर आवश्यक जानकारी संकलित की।

## झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन चुनाव में विजेताओं का स्वागत



**जामताड़ा।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन चुनाव-2026 के तहत जामताड़ा शाखा में विभिन्न पदों के लिए हुए मतदान का परिणाम घोषित होने के बाद पुलिसकर्मियों के बीच उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और मतगणना के बाद विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों ने खुशी का इजहार किया।अध्यक्ष पद के लिए हुए कड़े मुकाबले में गौतम कुमार झा ने अल्फ्रेड मरांडी को 54 मतों से पराजित कर जीत हासिल की। सचिव पद पर राजन टूडू ने मनोज कुमार को 44 वोटों के अंतर से हराया। उपाध्यक्ष पद के चुनाव में मयंक हर्ष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दीपक यादव को 403 मतों के बड़े अंतर से शिकस्त दी।

## मुरीडीह के पास आमने-सामने भिड़ीं दो बाइकें, युवक घायल

**जामताड़ा।** फतेहपुर-जामताड़ा मुख्य मार्ग पर मुरीडीह के समीप मंगलवार को दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई तेज टक्कर में एक युवक घायल हो गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए।स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों बाइकें विपरीत दिशा से आ रही थीं। इसी दौरान आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और सवार सड़क पर गिर पड़े। दुर्घटना में अमन मंडल को चोटें आईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई और बेहतर उपचार के लिए अस्पताल भेजा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटना से संबंधित जानकारी जुटानी शुरू कर दी। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है तथा दोनों वाहनों की स्थिति का भी आकलन किया जा रहा है।इस दौरान भाजपा युवा नेता मनोज गोस्वामी भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर घायल की मदद की और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया। दुर्घटना के कारण कुछ देर के लिए सड़क पर यातायात बाधित रहा, लेकिन पुलिस और स्थानीय नागरिकों के प्रयास से जल्द ही आवागमन सामान्य कर दिया गया।

# अल्ट्रासोनोग्राफी केंद्रों पर अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी : मंत्री इरफान

**संताल एक्सप्रेस**



**जामताड़ा।** राज्य में निजी जांच केंद्रों और नर्सिंग होम की कार्यप्रणाली को लेकर चल रहे विशेष निरीक्षण अभियान के बीच स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड में घटते लिंगानुपात को गंभीरता से लेते हुए सरकार स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संस्थानों की निगरानी बढ़ा रही है।मंत्री ने कहा कि विभिन्न जिलों में जांच के दौरान कई निजी जांच घरों और स्वास्थ्य संस्थानों में अनियमितताएं सामने आई हैं। इसी कारण पूरे राज्य में व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेटियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।पापुलर नर्सिंग होम से जुड़े मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए डॉ. अंसारी ने कहा कि फिलहाल उन्हें इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी प्राप्त नहीं हुई है और न ही संस्थान की ओर से कोई आवेदन मिला है। यदि संबंधित पक्ष आवेदन देता है तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी।उल्लेखनीय है कि हाल ही में एसडीओ अनंत कुमार द्वारा की गई जांच के दौरान कथित रूप से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर संबंधित अल्ट्रासोनोग्राफी केंद्र को सील कर दिया गया था। इसके बाद यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

## जनता दरबार में गूंजी जनसमस्याओं की आवाज, डीसी ने समाधान के दिए निर्देश

**जामताड़ा।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न प्रखंडों और दूरदराज के गांवों से पहुंचे 40 से अधिक लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं।जनता दरबार में पेयजल, सड़क, बिजली, भूमि विवाद, भू-अर्जन मुआवजा, आवास, जाति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आंगनबाड़ी चयन, पुलिस मामलों और भरण-पोषण से जुड़े मुद्दे प्रमुख रूप से उठाए गए। उपायुक्त ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। कई मामलों का मौके पर ही समाधान भी किया गया।दक्षिणबहाल के जर्जर पुल से हो रही आवाजाही को लेकर शिकायत मिलने पर उपायुक्त ने पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता को तत्काल आवागमन रोकने के निर्देश दिए। वहीं अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त पुत्र द्वारा बुजुर्ग मां की देखभाल नहीं किए जाने की शिकायत पर भी त्वरित कार्रवाई का आदेश दिया गया।उपायुक्त आलोक कुमार ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि आम लोगों को कार्यालयों का अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े और सभी पात्र मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने प्रशासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

## नशे के खिलाफ जामताड़ा में जनजागरण अभियान तेज



**जामताड़ा।** जिले को नशामुक्त बनाने और युवाओं को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।राज्यव्यापी अभियान के तहत 26 जून 2026 तक जिले के सभी प्रखंडों के हाट-बाजार, विद्यालय, चौक-चौराहों तथा ग्रामीण इलाकों में लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान एलईडी वैन, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बुकलेट और ऑडियो-वीडियो संदेशों के माध्यम से आमजनों तक महत्वपूर्ण जानकारी पहुंचाई जा रही है।अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान के प्रति सचेत करना है। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटकों में नशे की लत से परिवार और समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया जा रहा है, जिससे लोगों में सकारात्मक संदेश पहुंच रहा है।प्रशासन का मानना है कि जनभागीदारी और जागरूकता के माध्यम से ही नशे की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

## डीएलएसए ने बाल गृह में बच्चों को बताए कानूनी संरक्षण और शिक्षा के अधिकार




**जामताड़ा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के 90 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को बाल गृह जामताड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएलएसए के सचिव पवन कुमार ने किया।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को जन्म के साथ ही जीवन, सुरक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और समुचित विकास का अधिकार प्राप्त हो जाता है। इस अवसर पर बाल गृह अधीक्षक सुधीर गोस्वामी, हाउस फादर विनोद कुमार सिंह, अधिकार मित्र मेघा गुप्ता तथा रोपना मंडल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों को हेल्पलाइन नंबर 1098 और डीएलएसए से सहायता प्राप्त करने की जानकारी भी दी गई।

## अनुकंपा नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का तोहफा

**चित्तरंजन।** केंद्र सरकार द्वारा अनुकंपा आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने के ऐतिहासिक निर्णय का चित्तरंजन रेलवेमेंस कांग्रेस ने जोरदार स्वागत किया है। संगठन ने इसे कर्मचारियों के लंबे संघर्ष की बड़ी सफलता और पेंशन न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।सीआरएमसी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि 22 जून 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार, ऐसे कर्मचारी जिनके परिवार ने 31 दिसंबर 2003 तक अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था, लेकिन उनकी नियुक्ति 1 जनवरी 2004 या उसके बाद हुई।

## शहीद पहाड़िया वीरों को दी गई श्रद्धांजलि



**नाला (जामताड़ा)।**अखिल भारतीय पहाड़िया आदिम जनजाति उत्थान समिति की जिला उपसमिति, जामताड़ा के तत्वावधान में मंगलवार को भंडारकोल स्थित मालंचा पहाड़ में 1757 ईस्वी के प्लासी युद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष करते हुए शहीद हुए वीर स्वतंत्रता सेनानी रमणा आहड़ी, केरिया पुजहर, पांचके डोमबा पहाड़िया एवं चेंगरू पहाड़िया की शहादत दिवस समारोह श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के जिला सचिव जयराम पुजहर ने किया। उन्होंने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए पहाड़िया वीरों का योगदान अविस्मरणीय है, लेकिन आज भी आदिम जनजाति समुदाय विकास की मुख्यधारा से काफी पीछे है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आदिम जनजातियों के विकास के दावे तो करती है, लेकिन धरातल पर अपेक्षित बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है।

## ओलंपिक दिवस पर मिहिजाम में ताइक्वांडो का दमखम, खिलाड़ियों ने दिखाया शानदार प्रदर्शन




**जामताड़ा।** ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय के निर्देशानुसार डे बोर्डिंग ताइक्वांडो सेंटर, मिहिजाम में ताइक्वांडो प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रेरित करना तथा ओलंपिक के मूल सिद्धांतों से परिचित कराना था।इस अवसर पर जिला खेल समन्वयक सह कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी अमित साव ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए अपने खेल जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने ओलंपिक आंदोलन के मूल मूल्य उत्कृष्टता, मित्रता, सम्मान और अनुशासन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का भी सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से नियमित अभ्यास और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही प्रशिक्षक विजय विश्वकर्मा और इदरीश के प्रयासों की सराहना की।प्रतियोगिता के दौरान नेशनल रेफरी अमर बावरी, ज्योति कुमारी, सुमन कुमारी और इफ्तिकार अंसारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में आर.के. प्लस टू हाई स्कूल मिहिजाम के प्रधानाचार्य विश्वजीत लायक तथा पर्यटन विशेषज्ञ सूरज गुप्ता का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। आयोजन ने खिलाड़ियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि




**जामताड़ा।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम प्रभारी सह भाजयुमो प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके आदर्श और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण आज भी करोड़ों लोगों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## भीपीडी से संबंधित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** वैक्सीन से रोकी जा सकने वाली बीमारियों की निगरानी और नियंत्रण को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाला में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर समीर कुमार मुर्मू ने की । इस अवसर पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला में मुख्य रूप से एसएमओ डॉक्टर दीपक कुमार, डॉ रामकृष्ण बाबू, बीपीएम अहमद रेजा परवेज,डब्लुएचओ के फील्ड मॉनिटर शिवधन मरांडी, फील्ड मॉनिटर शमीम अख्तर ,एमपीडब्ल्यू प्रदीप टुडू, एमपीडब्ल्यू शांति मयमय मंडल आदि मौजूद थे। इस दौरान वीपीडी सर्विलांस विषय से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में सीएचसी नाला के अंतर्गत कार्यरत सभी चिकित्सा पदाधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, आरबीएसके के चिकित्सा पदाधिकारी, एएनएम,सीएचओ आदि मौजूद थे। प्रशिक्षकों ने बताया कि वीपीडी सर्विलांस प्रणाली को प्रभावी बनाने में सहयोग करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## मोहर्रम की सप्तमी पर न्यू मार्केट में उमड़ी श्रद्धा



**गोड्डा ।** मोहर्रम की सप्तमी के अवसर पर मंगलवार को गोड्डा के न्यू मार्केट स्थित बड़ी इमामबाड़ा मस्जिद चौक पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग इमामबाड़ा पहुंचे और चादरपोशी कर अमन, भाईचारे, खुशहाली एवं अपनी मन्नतों के लिए दुआ मांगी।धार्मिक परंपरा के अनुसार बड़ी इमामबाड़ा से श्रद्धालु निशान लेकर कर्बला पहुंचे। इस दौरान जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, अनुशासन और आपसी भाईचारे का माहौल देखने को मिला।श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए न्यू मार्केट क्षेत्र में ट्रैफिक पुलिस सक्रिय रही। पुलिसकर्मियों ने यातायात व्यवस्था को संभालते हुए वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित रखा, जिससे लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।मोहर्रम के आयोजन के दौरान सेवा भावना भी देखने को मिली। स्थानीय प्रतिष्ठान सूफिया कलर की ओर से श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए निशुल्क पानी एवं शरबत की व्यवस्था की गई।

## डीएलएएमसी की बैठक में आधार सेवाओं को सुदृढ़ बनाने पर दिया गया जोर

**संताल एक्सप्रेस**



**गोड्डा।** जिले में आधार नामांकन, अद्यतन एवं आधार आधारित सेवाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर मंगलवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त विस्पुते श्रीकांत यशवंत ने की। बैठक में जिले में संचालित आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्रों की कार्यप्रणाली, नए आधार नामांकन, बच्चों के बायोमेट्रिक अद्यतन, लंबित मामलों तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही आधार सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आधार सेवाओं से जुड़े सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से संचालित किए जाएं ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े।उन्होंने आधार अद्यतन कार्यों में अपेक्षित प्रगति लाने, लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा सभी केंद्रों पर आवश्यक तकनीकी संसाधन एवं आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। विशेष रूप से 5 वर्ष एवं 15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अद्यतन को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर बल दिया गया। बैठक में सुंदरपहाड़ी एवं बोआरीजोर सहित दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में आधार सेवाओं की पहुंच बढ़ाने, आधार केंद्रों पर आने वाले लाभुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा आधार संबंधी शिकायतों के त्वरित निस्तारण की समीक्षा भी की गई।

## कथित एनकाउंटर पर उठे सवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता ने निष्पक्ष जांच की उठाई मांग

**चित्तरंजन।** बिहार में हुए चर्चित कथित पुलिस एनकाउंटर को लेकर कानूनी बहस तेज हो गई है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ए.के. सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया देते हुए घटना की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि भरत भूषण तिवारी की मुठभेड़ संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और इसकी गहन जांच आवश्यक है।अधिवक्ता ने कहा कि उपलब्ध तथ्यों और सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के आधार पर कई गंभीर प्रश्न सामने आते हैं। उनके अनुसार, घटना से पहले प्रसारित एक फेसबुक लाइव वीडियो में भरत भूषण तिवारी बाद के क्षणों में आत्मसमर्पण की स्थिति में दिखाई दे रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि किसी व्यक्ति ने आत्मसमर्पण कर दिया हो तो कानून के तहत उसे गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के अनुसार मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

## डीसी ने की खाद्य योजनाओं की समीक्षा



**गोड्डा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, पीवीटीजी परिवारों के खाद्यान्न वितरण, धान अधिप्राप्ति, कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर), सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना, नमक एवं चना दाल वितरण योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

## हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली कलश शोभायात्रा




**मेहरमा।** प्रखंड क्षेत्र के धनकुड़िया पंचायत अंतर्गत चौरा गांव में नव निर्मित हनुमान मंदिर में आयोजित कलश पूजा एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नव निर्मित हनुमान मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पूरे गांव का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना एवं पूजन संपन्न कराया गया।कलश यात्रा में अधिकांश संख्या में महिलाओं एवं कन्याओं ने सिर पर कलश धारण कर भाग लिया।श्रद्धालुओं द्वारा जय श्रीराम,जय हनुमान सहित विभिन्न देवी-देवताओं के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया।

## सुन्दरपहाड़ी में खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**सुन्दरपहाड़ी।** बदलाव फाउंडेशन और अग्र परियोजना केंद्र, पथरा गोड्डा के सहयोग से सुन्दरपहाड़ी प्रखंड के सीड तसर खेती से जुड़े 40 किसानों के लिए एक दिवसीय तसर खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक एवं उन्नत तसर खेती की तकनीकों से अवगत कराना तथा उनकी उत्पादन क्षमता को बढ़ाना था। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को सीड तसर खेती के विभिन्न चरणों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने तसर पालन के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों, डीएफएल के महत्व, जीवन सुधा पाउडर के सही उपयोग, सोडियम हाइपोक्लोराइट के उचित छिड़काव तथा रोग एवं कीट प्रबंधन के विषय में विस्तार से जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान किसानों को यह भी बताया गया कि बदलाव फाउंडेशन तसर आधारित आजीविका को सशक्त बनाने के लिए तसर खेती, सूत कटाई, बुनाई तथा उत्पादों के विपणन एवं बाजार तक पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। वर्तमान में बदलाव फाउंडेशन के सहयोग से 660 तसर आर्टिसन विभिन्न समूहों के माध्यम से तसर आधारित आजीविका गतिविधियों से जुड़ी हुई हैं। संस्था का उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी समुदायों की आय में वृद्धि करना तथा तसर आधारित रोजगार के अवसरों को मजबूत बनाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अग्र परियोजना केंद्र, पथरा से टेक्नीशियन जुनैद अंसारी, नियुस किस्कू, संजय एवं चुंरु गोप ने किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं बदलाव फाउंडेशन की ओर से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वर्षा टोप्पो तथा सीआरपी सुमित, प्रमिला, बाबूजी एवं द्रोधीजी मुख्य रूप से उपस्थित रहे और कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्राप्त तकनीकी जानकारियों को अपने खेतों में अपनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप मनाया



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को फतेहपुर मंडल के खिजुरिया स्थित डंगालपाड़ा टोला में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय मंडल ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नाला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी माधव चंद्र महतो उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा युवा नेता मनोज गोस्वामी ने कहा कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए राष्ट्रवादी एकता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक महान राष्ट्रवादी राजनेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश दो निशान दो विधान का विरोध करते हुए कश्मीर के इस कानून को तोड़ने का काम किया। हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यदि 370 की धारा कश्मीर से हटी है तो वह हमारे श्यामा प्रसाद मुखर्जी की देन है। उक्त कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष मीना कुमारी, मंडल मंत्री रेखा कुमारी, पलटू यादव, सुमन मंडल, मुकेश यादव, शिवशंकर यादव, दयामयम पंडित, शंकर पंडित आदि मौजूद थे।

## युद्धविराम से आगेः क्या विश्व अहिंसा की ओर बढ़ेगा?

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच हाल ही में हुआ युद्धविराम ऐसे समय में सामने आया है, जब पश्चिम एशिया युद्ध की लपटों में घिरकर वैश्विक स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका था। कई सप्ताह तक चले संघर्ष ने क्षेत्र को ऐसे ज्वालामुखी में बदल दिया था, जिसकी प्रत्येक विस्फोटक घटना विश्व अर्थव्यवस्था को झकझोर रही थी। तेल बाजारों में भारी उथल-पुथल थी, निवेशकों में घबराहट बढ़ रही थी और वैश्विक मंदी की आशंकाएं गहराने लगी थीं। ऐसे में युद्धविराम ने विश्व को तत्काल राहत तो दी है, लेकिन सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या यह समझौता स्थायी शांति की नींव बनेगा या केवल अगले युद्ध से पहले का एक अस्थायी विराम सिद्ध होगा? इतिहास साक्षी है कि युद्धविराम और शांति समझौते तभी टिकाऊ सिद्ध होते हैं, जब उनके पीछे केवल सामरिक विवशता नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारस्परिक विश्वास और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता भी हो। अन्यथा वे केवल संघर्षों के बीच का अंतराल बनकर रह जाते हैं। पश्चिम एशिया का इतिहास ऐसे असंख्य समझौतों का गवाह है, जो कागजों पर तो बने, लेकिन जमीन पर टिक नहीं सके। इस युद्ध के परिणामों का विश्लेषण किया जाए तो सबसे बड़ा लाभार्थी ईरान दिखाई देता है। अमेरिका और इजरायल के सैन्य दबाव, आर्थिक प्रतिबंधों और अंतरराष्ट्रीय अलगाव के बावजूद तेहरान न केवल अपने राजनीतिक ढांचे को बचाने में सफल रहा, बल्कि उसने अपने विरोधियों को वार्ता की मेज पर आने के लिए भी बाध्य किया। ईरान अब अपने नागरिकों के समक्ष यह दावा कर सकता है कि उसने दुनिया की सबसे शक्तिशाली सैन्य ताकतों के सामने घुटने नहीं टेके। ईरानी नेतृत्व इसे प्रतिरोध की जीत के रूप में प्रस्तुत करेगा। दूसरी ओर इस संघर्ष ने अमेरिका की अजेयता की छवि को भी चुनौती दी है। वियतनाम, इराक और अफगानिस्तान के बाद यह एक और अवसर है, जिसने यह स्पष्ट किया कि केवल सैन्य शक्ति राजनीतिक परिणाम सुनिश्चित नहीं कर सकती। वाशिंगटन ने दबाव बनाया, अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया, लेकिन अंततः उसे वार्ता और समझौते का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह संदेश गया है कि इक्कीसवीं सदी की दुनिया अब केवल शक्ति संतुलन से नहीं, बल्कि संवाद, कूटनीति और बहुपक्षीय सहयोग से संचालित होगी। इजरायल के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से असहज है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान की परमाणु और मिसाइल क्षमताओं को अपने देश के अस्तित्व के लिए खतरा बताते रहे हैं। इजरायल को आशा थी कि युद्ध के माध्यम से ईरान की सामरिक क्षमता को निर्णायक रूप से कमजोर किया जाएगा। किंतु युद्धविराम के बाद ईरान स्वयं को विजेता के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इससे इजरायल के भीतर यह बहस और तीव्र हो सकती है कि क्या क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं की तुलना में महाशक्तियों ने अपने सामरिक हितों को अधिक महत्व दिया। भारत के लिए यह समझौता विशेष महत्व रखता है। भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए पश्चिम एशिया पर अत्यधिक निर्भर है। युद्ध की स्थिति में तेल आपूर्ति बाधित होने, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट उत्पन्न होने और कीमतों में वृद्धि की आशंका ने भारत की चिंता बढ़ा दी थी।

# राष्ट्रवाद और देशभक्ति के महानायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

### आदित्य साहू

जहां हुए बलिदान मुखर्जी, वो कश्मीर हमारा है

इतिहास के पन्नों पर कुछ नाम ऐसे अंकित होते हैं जो किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि एक विचार, एक संकल्प और एक समूचे युग की गाथा कहते हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे ही युगपुरुष थे। उनके बलिदान दिवस के रूप में किसी महान नेता का स्मरण मात्र नहीं, बल्कि भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उस ध्येय का पुनःस्मरण है, जिसके लिए उन्होंने अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया।डॉ. मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता के एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ। उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी देश के मूर्धन्य शिक्षाविद् और न्यायविद् थे। बाल्यकाल से ही उनमें असाधारण प्रतिभा, राष्ट्रभक्ति और नेतृत्व की चमक दिखाई देने लगी थी। शिक्षा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान रचते हुए वे मात्र 33 वर्ष की आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के सबसे युवा कुलपति बने – एक उपलब्धि जो आज भी भारतीय शिक्षा जगत में अनुपम मानी जाती है।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की नजर में राजनीति सत्ता का नहीं बल्कि सेवा का माध्यम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन सिर्फ़ बौद्धिक उपलब्धियों तक सीमित न रहा। उन्होंने राष्ट्र की चुनौतियों को निकट से देखा और राजनीति को सत्ता का नहीं, सेवा का माध्यम बनाया। जब देश विभाजन की त्रासदी झेल रहा था, तब उन्होंने बंगाल के लाखों हिंदुओं के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष किया। यदि उस घड़ी डॉ. मुखर्जी ने यह दृढ़ता न दिखाई होती, तो आज पश्चिम बंगाल का बड़ा भूभाग भारत का अंग न होता। पंजाब के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को भारत में बनाए रखने में भी उनकी भूमिका अविस्मरणीय रही।

देश के उद्योगों का नींव रखने वाले पहले उद्योग मंत्री

डॉक्टर मुखर्जी ने आज़ादी मिलते ही देश के उद्योगों का ख़ाका तैयार किया। ॥, दुर्गापुर, राउरकेला, भिलाई जैसे औद्योगिक नगर उनकी दिमाग के ही उपज थे। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए। परंतु जैसे ही उन्हें अनुभव हुआ कि कुछ नीतियाँ राष्ट्रीय हित और देश की सुरक्षा के अनुकूल नहीं हैं, उन्होंने सत्ता का मोह त्यागकर त्यागपत्र दे दिया। यह निर्णय बताता है कि उनके लिए पद नहीं, सिद्धांत सर्वोपरि थे।

कांग्रेस की कमियों को समय रहते समझ गए थे डॉ मुखर्जी

डॉ. मुखर्जी मानते थे कि भारत को ऐसी राजनीतिक शक्ति चाहिए जो राष्ट्रहित, सांस्कृतिक अस्मिता और जनकल्याण को अपने केंद्र में रखे। इसी संकल्प के साथ उन्होंने 21 अक्टूबर, 1951 को भारतीय जनसंघ की स्थापना की। यह केवल एक दल का जन्म नहीं था, बल्कि राष्ट्रवादी राजनीति के एक नए अध्याय का शुभारंभ था। जनसंघ के माध्यम से उन्होंने देश की सांस्कृतिक चेतना, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को सशक्त करने का बीड़ा उठाया।



## बलिदान दिवस पर विशेष

एक देश, एक निशान, एक विधान आज भारतीय जनता पार्टी जिस विराट स्वरूप में देश-दुनिया के समक्ष खड़ी है, उसकी वैचारिक नींव डॉ. मुखर्जी ने ही रखी थी। ÷राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि का जो मंत्र आज भाजपा की पहचान है, उसके मूल में उन्हीं का चिंतन और दृष्टि विद्यमान है।

उनका सर्वाधिक ऐतिहासिक संघर्ष जम्मू-कश्मीर के पूर्ण एकीकरण को लेकर था। स्वतंत्रता के बाद वहाँ लागू विशेष व्यवस्था उन्हें कभी स्वीकार्य न रही। उनका स्पष्ट उद्घोष था कि भारत एक राष्ट्र है, और एक राष्ट्र में दो संविधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चल सकते। इस व्यवस्था के विरुद्ध उन्होंने देशव्यापी जनजागरण किया और स्वयं जम्मू-कश्मीर जाने का साहसिक निर्णय लिया।

11 मई, 1953 को वहाँ पहुँचते ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया, और 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। उनका यह बलिदान राष्ट्र की अखंडता के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदानों में गिना जाता है। उन्होंने अपने जीवन से सिद्ध कर दिया कि राष्ट्रहित के लिए संघर्ष करने वाला व्यक्ति पराजित नहीं होता, – वह इतिहास में अमर हो जाता है।

डॉ. मुखर्जी का स्वप्न था कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बने। यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त कर उनके इस स्वप्न को साकार किया। यह केवल एक संवैधानिक निर्णय नहीं, बल्कि उनके बलिदान को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि भी थी।

समाज के वंचित वर्गों को मुख्य धारा से जोड़ने का स्वप्न

डॉ. मुखर्जी सामाजिक समरसता और वंचित वर्गों के उत्थान के प्रबल पक्षधर थे। उनका विश्वास था कि भारत का विकास तभी सार्थक है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। आज अंत्योदय तथा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र में उन्हीं की विचारधारा आगे बढ़ती दिखाई देती है।

उनकी राजनीति सत्ता प्राप्ति की नहीं, राष्ट्र-निर्माण की राजनीति थी। वे भारत को केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक राष्ट्र मानते थे – जिसकी आत्मा उसकी सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं में बसती है। यही कारण है कि भारतीयता की रक्षा और राष्ट्रीय एकता को उन्होंने अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य बनाया।

युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणाश्रोत

उनका जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत है। उनका संघर्ष सिखाता है कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, सिद्धांतों के प्रति निष्ठा और विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहने का साहस ही सच्चे नेतृत्व की कसौटी है। आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, उनके विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं।

राजनीति में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे सपूत बिरले ही पैदा होते हैं। उनका बलिदान निरर्थक नहीं गया है। आज भले वे सशरीर हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा राष्ट्रवाद का बोया बीज आज वटवृक्ष बनकर देशवासियों को छाँव दे रहा है। प्रखर राष्ट्रवादी के रूप में वो हमेशा देश में पहले पायदान पर खड़े मिलेंगे। उनका जीवन सत्ता नहीं बल्कि सिद्धांतों को समर्पित था। उनका बलिदान हमें मातृभूमि के लिए जीने की प्रेरणा सदैव देता रहेगा और वह सदैव भारतीय इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में अमर रहेगा।

आइए, हम सभी उनके बलिदान दिवस के अवसर पर संकल्प लें कि भारत की एकता, अखंडता, सांस्कृतिक गौरव और गरीब कल्याण के लिए उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

यह आलेख भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू जी के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर लिखा गया है

## पाकुड़ की खबरें

## पाकुड़ में मुहर्रम को लेकर प्रशासन अलर्ट

**संताल एक्सप्रेस पाकुड़।** शांति और सोहद्रपूर्ण वातावरण में मुहर्रम मानने को लेकर मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुहर्रम कमेटियों, अखाड़ा समितियों, शांति समिति के सदस्यों तथा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में मुहर्रम जुलूस के निर्धारित मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, एंबुलेंस सुविधा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विभिन्न समितियों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव रखे तथा आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द के साथ पर्व मनाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने बताया कि जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, जिला नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखने तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ताजिया की ऊंचाई का पूर्व सत्यापन, विद्युत सुरक्षा मानकों का पालन तथा स्वयंसेवकों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने पर जोर दिया।एसपी ने लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी विवादास्पद अथवा भ्रामक संदेश को साझा नहीं करने की अपील की। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन, पुलिस अथवा डायल-112 को तत्काल सूचना दे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई



**पाकुड़।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर पाकुड़ स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मार्केट कॉम्प्लेक्स में स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह, सोहन मंडल,बाबुधन मुर्मू, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेकानंद तिवारी, जिला महामंत्री रूपेश भगत, उपाध्यक्ष हिसाबी राय, अमृत पांडेय, सुशील साहा, पंकज साह, प्राची चौधरी, पूनम कुमारी, जीतू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री रूपेश भगत ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महान देशभक्त थे। उन्होंने कश्मीर के मुद्दे पर अपने जीवन का बलिदान दिया। इसी कारण भाजपा कार्यकर्ता उनकी पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाते हैं।

## लिट्टीपाड़ा की जनसमस्याओं को लेकर भाजपाइयों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**पाकुड़ ।** लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में खनन एवं कोयला कंपनियों की गतिविधियों से उत्पन्न जनसमस्याओं, पर्यावरणीय क्षति और स्थानीय लोगों की परेशानियों को लेकर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त मोघा भारद्वाज को 12 सूत्री ज्ञापन सौंपा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य साहेब हांसदा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान साहेब हांसदा ने बताया कि 12 सूत्री मांग पत्र में हिरणपुर, लिट्टीपाड़ा और आमड़ापाड़ा प्रखंडों में कई पत्थर खदानों एवं क्रेशर प्लांटों का संचालन निर्धारित मानकों की अनदेखी कर किया जा रहा है। साथ ही सिंचाई नहरों पर अवैध कब्जा कर सड़क निर्माण और अन्य उपयोग किए जाने की शिकायत भी दर्ज कराई गई है। साथ ही कहा कि मुर्गाडांगा, मानसिंगपुर से तालपहाड़ी मार्ग के बीच लगभग 75 प्रतिशत सिंचाई नहर को पत्थर कंपनियों द्वारा वेस्ट मटेरियल डालकर भर दिया गया है, जिससे किसानों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि क्रेशर प्लांटों द्वारा धूल नियंत्रण के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किए जाने से आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वहीं खदानों में होने वाली भारी ब्लास्टिंग के कारण भूजल स्तर प्रभावित होने और भविष्य में जल संकट गहराने की आशंका जताई गई है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोयला खनन कंपनियों पर भी कई गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि कोयला ढुलाई के दौरान उड़ने वाली धूल से सड़क किनारे बसे लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही तेज रफ्तार डंपरों के परिचालन से हिरणपुर, डॉगापाड़ा, लिट्टीपाड़ा सहित कई क्षेत्रों में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे जान-माल की क्षति हो रही है।ज्ञापन में स्थानीय युवाओं को कोयला कंपनियों में रोजगार देने, खदानों से निकलने वाले दूषित पानी को बांसलोई नदी एवं उसकी सहायक नदियों में प्रवाहित किए जाने पर रोक लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गई। इसके अलावा ओवरलोड कोयला वाहनों के परिचालन पर रोक, बांसलोई एवं कुटलो नदी से अवैध बालू उठाव बंद कराने तथा वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन का नियमित भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग

# अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

पाकुड़। जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक में उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने पर जोर दिया। बैठक में खनन गतिविधियों की समीक्षा के साथ राजस्व संग्रह एवं निगरानी व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि मई-जून माह के दौरान अवैध खनन से जुड़े नौ मामलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले को



2650.42 करोड़ रुपये राजस्व संग्रह का लक्ष्य मिला है, जिसके विरुद्ध अब तक 485.05 करोड़ रुपये की वसूली कर 18.30 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है।डीसी ने कहा कि पाकुड़ अंतर्राज्यीय सीमा से जुड़ा संवेदनशील जिला है, इसलिए खनिज परिवहन करने वाले वाहनों एवं चालानों की नियमित और सघन जांच आवश्यक है। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को खनन संबंधी नियमों का गहन अध्ययन करने

तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन के मामलों में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने रात्रिकालीन औचक निरीक्षण नियमित रूप से चलाने तथा अवैध खनन गतिविधियों पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ सक्रियता बढ़ाने की अपील की।बैठक में अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने, राजस्व संग्रह में वृद्धि करने तथा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति तैयार की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, माइनिंग इंस्पेक्टर, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।


## अमड़ापाड़ा में चला नशा मुक्ति जागरूकता अभियान



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

अमड़ापाड़ा(पाकुड़)राज्य सरकार के निर्देश पर पाकुड़ पुलिस के तत्वावधान में मंगलवार को अमड़ापाड़ा बाजार में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।अभियान के माध्यम से पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए इससे दूर रहने का आह्वान किया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ-साथ सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर करता है तथा अपराध की प्रवृत्ति को बढ़ावा देता है। इस दौरान लोगों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए मादक पदार्थों के सेवन और अवैध कारोबार से जुड़े मामलों में कड़ी सजा के प्रावधानों से अवगत कराया गया। पुलिस टीम ने उपस्थित ग्रामीणों से नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और स्वस्थ व नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की कार्यक्रम में सब इंस्पेक्टर चंदन कुमार, एएसआई अमित कुमार, एएसआई सलवाहन भगत समेत पुलिस बल के जवान और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## मुहर्रम को लेकर मॉकड्रिल



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पाकुड़ पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर उपायुक्त आवास के समीप विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर विशेष मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस बल ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने की अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया।मॉकड्रिल के उपरांत पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च उपायुक्त आवास से शुरू होकर हरिणडांगा चौक, गांधी चौक सहित अन्य महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से संवाद कर मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।एसपी ने कहा कि पर्व के दौरान जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।फ्लैग मार्च के माध्यम से आम लोगों को सुरक्षा का संदेश देने के साथ-साथ असामाजिक तत्वों को भी यह चेतावनी दी गई कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही कहा की लोगों से सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। मुहर्रम पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है।


## हुल दिवस की तैयारी और संगठन मजबूती को लेकर विधायक ने की बैठक



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। लिट्टीपाड़ा प्रखंड स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय में विधायक हेमलाल मुर्मू ने झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती, हुल दिवस की तैयारी तथा एसआईआर कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पार्टी की आगामी रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि 30 जून को मनाया जाने वाला हुल दिवस आदिवासी वीरों के संघर्ष, बलिदान और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को कार्यक्रम से जोड़ने तथा हुल दिवस को ऐतिहासिक एवं गरिमामय तरीके से मनाने का आह्वान किया।बैठक में एसआईआर कार्यक्रम को लेकर भी चर्चा हुई। विधायक ने कार्यकर्ताओं को ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रहकर लोगों तक आवश्यक जानकारी पहुंचाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी हित में पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ कार्य करें तथा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखना जरूरी है। साथ ही आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर भी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष आजाजुल इस्लाम, विकास मुर्मू, जिला संगठन सचिव मुसलोदीन अंसारी, इशाक अंसारी, विकास रविदास, तरुण मंडल, जावेद आलम, दानियल किस्कू, रंजन साहा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



हिरणपुर(पाकुड़)।निर्वाचन कार्य को सुचारु एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान केंद्र संख्या 134 से 172 तक के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडू दिलीप ने की। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक प्रताप कुमार साह, विपेन्द्र कुमार, साहिर अली एवं राजन कुमार भगत ने उपस्थित कर्मियों को विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, मतदाता सूची के अद्यतन, प्रपत्रों के सही संधारण तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। अध्यक्षीय संबोधन में प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडू दिलीप ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित कर्मियों से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित मतदान केंद्रों से जुड़े कर्मी उपस्थित रहे और उन्हें पुनरीक्षण कार्य के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया गया प्रशिक्षण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

महेशपुर (पाकुड़ )मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर-2026 को लेकर प्रखंड सभागार महेशपुर में मंगलवार को दूसरे दिन भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मतदान केंद्र संख्या 101 से 150 और 151 से 195 के बीएलओ एवं सुपरवाइजर प्रशिक्षणार्थी के तौर पर उपस्थित हुए।जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि 30 जून से 29 जुलाई तक गणना चरण चलेगा। इस दौरान बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र के 2 सेट वितरित करेंगे। गणना प्रपत्र की एक प्रति मतदाता अपने पास रखेंगे और दूसरी प्रति भरकर बीएलओ को जमा करेंगे। इसके बाद बीएलओ भरे हुए प्रपत्रों की ऑनलाइन एंट्री बीएलओ ऐप के माध्यम से करेंगे।मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि गणना प्रपत्र भरते समय मतदाता को अपना या अपने माता-पिता, दादा-दादी एवं नाना-नानी का पिछले एसआईआर की मतदाता सूची का विवरण अंकित करना होगा। मतदाता स्वयं या परिवार के किसी भी वयस्क सदस्य के हस्ताक्षर से गणना प्रपत्र जमा कर सकते हैं। यह भी स्पष्ट किया गया कि बिना नोटिस दिए किसी भी मतदाता का नाम सूची से हटाया नहीं जाएगा।बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट बीएलए-2 के संपर्क में रहें और प्रपत्र वितरण से पहले 30 जुलाई को बूथ पर बीएलए-2 के साथ बैठक करें। सभी बीएलओ को एएसडी यानी अनुपस्थित, शिफ्टेड, डेथ और डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची भी तैयार करनी है।प्रशिक्षण में बताया गया कि गणना चरण खत्म होने के बाद 5 अगस्त को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशित किया जाएगा। 5 अगस्त से ही दावा-आपत्ति यानी फॉर्म-6, 7 और 8 तथा नोटिस का चरण शुरू होगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 अक्टूबर को किया जाएगा।आयोजित प्रशिक्षण में बीडीओ डॉ.सिद्धार्थ शंकर यादव,अंचल अधिकारी संजय सिन्हा एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता पाकुड़ भी उपस्थित थे।

## लिट्टीपाड़ा पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर में मंगलवार को लिट्टीपाड़ा पुलिस की ओर से नशा मुक्ति अभियान एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी थाना प्रभारी अनिल पंडित ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव और यातायात नियमों के पालन के महत्व के बारे में जानकारी दी।अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। नशे की लत से सामाजिक, आर्थिक और मानसिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं, इसलिए युवाओं को इससे दूर रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की।

प्रभारी थाना प्रभारी ने सड़क सुरक्षा पर भी विशेष जोर देते हुए कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना, हेलमेट पहनना तथा सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया और लोगों को जागरूक करने का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य बिमल महतो ने प्रभारी थाना प्रभारी अनिल पंडित, एएसआई संतोष मरांडी एवं एएसआई मनोज मरांडी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य, दीदी जी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


**रांची मंडल रे एसएलआर पट्टा रे एमो़क् बाखरा ई-नीलामी खो़बो़र**

**अधिसूचना संख्याः सी/आरएनसी/ई-ऑक्शन/2026 मा़हितः 22.06.2026**

भारत रेन राष्ट्रपति ला़गित् आर उनी सेच् खो़न वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची होतेते रांची मंडल रे ई-नीलामी नेवतायेत् काना। कैटलॉग दो़ लाहा रे गे आईआरईपीएस वेबसाइट रे उछा़न ठीक आकादा। ओना रेयाक् बानाडाय दो़ नोडका लेका मेनाक्आः **श्रेणीः** पार्सल। **कैटलॉग संख्याः आरएनसी-पार्सल12। परिसंपत्तिको रेयाक् बानाडायः** रांची मंडल खो़न सांगार एहो़ब वाला 32 अदद पैसेंजर/मेल/एक्सप्रेस ट्रेनको रे एसएलआर कंपार्टमेंट दो़ पट्टा एमावाक् बाखरा 41 अदद परिसंपत्तिको ला़गित् ई-नीलामी। **नीलामी एहो़बो़क्आः** 30.06.2026 हिलोक् सेताक् 10:00 बजे। **नीलामी बों़दो़क् रेयाक् ता़रीकः** 30.06.2026 हिलोक् आयुप्बेला 5:10 बजे। **जेललेकः** दाड़ेयान बोलीदाताको ठेन नेहो़र मेनाक्आ जे ओनको दो़ आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** रे ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल जेलपे। लॉट-पिछा़ बानाडाय दो़ चेतान रे ओ़लाकान कैटलॉग ता़री रे बेबो़सता आकान मेनाक्आ।

**(PR-372)**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची**

दक्षिण पूर्व रेलवे

मुलुच् लान्दाय तुलुच् सेवा

# बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित

**साहिबगंज ।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के सफल, पारदर्शी एवं प्रभावी संचालन को लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में दिनांक 22 एवं 23 जून 2026 को बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.इसी क्रम में डीसी दीपक कुमार दुबे ने साहिबगंज सदर प्रखंड में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई. प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए.प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्धारित अवधि में सभी मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जाना है. तदोपरांत प्राप्त हस्ताक्षरित गणना प्रपत्रों के आधार पर योग्य मतदाताओं को एसआईआर -2026 की प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा. अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे.जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करें तथा गणना प्रपत्र से संबंधित आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराकर मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें ताकि कोई भी योग्य मतदाता छूटे न जाए एंव कोई भी अयोग्य वयक्ति सम्मिलित न हो जाएं.

# साहिबगंज में ट्रेन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




**साहिबगंज।** मालदा रेल मंडल के साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को सीआईबी मालदा एवं आरपीएफ की टीम ने विशेष जांच अभियान चलाकर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है. मिली जानकारी अनुसार मंगलवार की सुबह सीआईबी मालदा की टीम ने साहिबगंज आरपीएफ पोस्ट के सहयोग से रेलवे स्टेशन परिसर में अवैध गतिविधियों एवं प्रतिबंधित सामानों की तस्करी के विरुद्ध विशेष जांच अभियान चलाया. अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 2/3 पर खड़ी ट्रेन संख्या 63431 अप साहिबगंज जमालपुर मेमू के एक सामान्य कोच में सीट के नीचे दो प्लास्टिक के बोरा लावारिस अवस्था में पड़ा मिला .संदेह के आधार पर जब दोनों बोरों की तलाशी ली गई तो उनमें भारी मात्रा मात्रा विदेशी शराब की बोतल मिली. जांच में दोनों बोरों से कुल 34 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई.

जिसकी कुल मात्रा 17.250 लीटर एवं अनुमानित मूल्य 18 हजार 860 रुपये बताई जा रही है. बरामदगी के बाद टीम ने यात्रियों एवं आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ कर सामान के स्वामी का पता लगाने का प्रयास किया. लेकिन कोई भी व्यक्ति शराब पर अपना दावा प्रस्तुत नहीं किया. सीआईबी मालदा के एएसआई रविशंकर यादव ने उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर विधिवत जब्ती सूची तैयार कर शराब को जब्त कर लिया. जब्त विदेशी शराब को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने के लिए साहिबगंज आरपीएफ पोस्ट लाया गया तथा आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया.

# फुटबॉल, एथलेटिक्स और पेंटिंग का हुआ आयोजन



**साहिबगंज ।** खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड रांची के निदेश के आलोक में जिला खेल कार्यालय साहिबगंज द्वारा सिदो कान्हु स्टेडियम साहिबगंज में आदिम जनजाति फुटबॉल टीमों घोघी पहाड़, लादोनी पहाड़ , दारुम पहाड़, पोखरिया पहाड़ एवं एएफसी सकरीगली के बीच मैच आयोजित किया गया. प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को जिला प्रशासन साहिबगंज द्वारा फुटबॉल जर्सी पैंट उपलब्ध कराया गया.पुरुष फुटबॉल के फाइनल में एएफसी सकरीगली ने 2- 0 से घोघी पहाड़ को पराजित कर विजेता बना.इस अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं फुटबॉल किक कर मैच का उद्घाटन जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष राजेश यादव ने किया. मौके पर जिला ओलंपिक संघ के सचिव माधव चंद्र घोष,जिला खेल समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, कोच योगेश यादव, अशोक साहनी , सुरेंद्र कुमार समेत अन्य उपस्थित थे.

## Office of the Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Mechanical Division Dumka

**e-Procurement Notice**

**Very Short Term Tender**

**Tender Reference No.:-DWSD/Mech. Div.Dumka/07/2026-27 Date- 23.06.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Department Name : | Drinking Water & Sanitation Department |
| 2 | Name & Address of the office Inviting Tender : | Executive Engineer, D. W. & S. Mechanical Division Dumka |
| 3 | Date of Publication of tender/time in website : | 29.06.2026/11:00 AM |
| 4 | Last date/time for receipt of online bid : | 07.07.2026/04:00 PM |
| 5 | Last date/time of online submission of Earnest Money and Cost of BOQ (As per Letter No.- 120, dated- 03-10-2023 of Secretary, Information Technology & e-Governance Department, Govt. of Jharkhand) : | 07.07.2026/04:00 PM |
| 6 | Date of opening of tender/ time : | 08.07.2026/04:00 PM |
| 7 | Name & Address of tender opening officer : | Executive Engineer, D. W. & S. Mechanical Division Dumka |
| 8 | Contact no. of Procurement office : | 9752521294 |
| 9 | Help line No. of e-Procurement cell : | 0651-2480345 |

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost (in Rs.) | Earnest Money (inRs.) | Cost of BOQ (inRs.) | Time of completion (in Days) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Drinking water supply Scheme with 2 HP Submersible motor pump by High Yield Drilled Tube Well through 04 nos. Water Stand Post each having 4 taps near Maa Tara Mandir for shravanimela 2026 (2 unit water supply scheme). | 20,32,594.00 | 40,700.00 | 5000.00 (Non-Refundable) | 45 Days |

Note:-
- No claim shall be entertained because of disputation of internet service being used by the bidders. Bidders are advice to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snags.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
- Work order will be issued after administrative approval.

Executive Engineer
D. W. & S. Mechanical Division
Dumka

PR 383056 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

# बीच सड़क पर बालू बना परेशानी का सबब



**साहिबगंज ।** तेतरिया गांव में स्थित हनुमान मंदिर के समीप किसी व्यक्ति द्वारा बीच सड़क पर बालू गिरा दिए जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर बालू होने से दोपहिया एवं अन्य वाहनों के फिसलने का खतरा बढ़ गया है. जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है. ग्रामीणों ने संबंधित व्यक्ति एवं प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क से बालू हटवाने की मांग की है.

# प्रखंड परिसर में एक्सपायरी दवा मिलना बना चर्चा का विषय

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



राजमहल - राजमहल प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के अंदर एक पेड़ के नीचे भारी मात्रा में सरकारी एक्सपायरी दवाई मिलना लोगो में चर्चा का विषय बना हुआ है.सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर इतने बड़ी मात्रा में दवाई कौन लाया और किसने फेंका ???. एक्सपायरी दवाई का चर्चा पुरे प्रखंड कार्यालय में आग के तरह फैल गया. एक्सपायरी दवा जो मिला उसे दवा का नाम आयरन एंड फोलिक एसिड टैबलेट्स आई पी है. और इस दवाई को मुख्य रूप से एनीमिया खून की कमी शरीर में आयरन की कमी और विटामिन बी फोलिक एसिड की कमी को दूर करने के लिए दी जाती है. और ये दवाई मुफ्त में दिए जाने वाली झारखंड सरकार का दवाई है. और इस दवाई के पत्ते पर झारखंड सरकार का लोगो भी लगा हुआ है. इस संबंध में भाजपा पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बीरेन शाह ने बताया कि सरकारी दावों का अधिकारियों के द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है. और इस दवा मरीज को देने के बदले इसे एक्सपायरी कर फेंका जा रहा है. वही प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद यूसुफ ने बताया कि हमें जानकारी नहीं है कि यहां पर एक्सपायरी दवा फेंका गया है. अगर फेंका गया है तो जो भी दोषी होगा उस पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा.

# चलाया नशामुक्ति जागरूकता अभियान



**साहिबगंज ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र में नशीले पदार्थों के बढ़ते दुरुपयोग को रोकने के लिए मुफस्सिल थाना पुलिस ने मंगलवार को जन-जागरूकता अभियान चलाया. थाना प्रभारी अनीश पांडेय के नेतृत्व में छोटी कोदरजन्ना स्थित बड़ी इमामबाड़ा के समीप कार्यक्रम का आयोजित किया गया.अभियान के दौरान थाना प्रभारी अनीश पांडेय ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को बर्बाद करता है बल्कि पूरे परिवार और समाज को भी खोखला कर देता है. उन्होंने युवाओं से अपील किया कि वे किसी भी तरह के मादक पदार्थ, शराब, गांजा, अफीम या नशीली दवाओं से दूर रहें और दूसरों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें. मौके पर पुलिस ने उपस्थित महिलाओं, पुरुषों और युवाओं को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई.कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

# शहर के सभी मुहर्रम कमेटी के लाइसेंसी अध्यक्ष और सचिव की बैठक आयोजित

**साहिबगंज ।** शहर के स्टेडियम रोड स्थित मुस्लिम ईदगाह एवं कब्रिस्तान परिसर में मंगलवार की शाम चार बजे शहर के सभी मुहल्ले के मुहर्रम कमेटी के लाइसेंसी, अध्यक्ष व सचिव की बैठक वार्ड नंबर 15 के पार्षद नजरुल बारी उर्फ पप्पू की अध्यक्षता हुई. बैठक में निर्णय लिया गया कि मुहर्रम के 10वीं तारीख यानी 26 जून को सभी अखाड़ा कमेटी रात 10 बजे में एलसी रोड पहुंचेंगे और वहां आने के बाद कुलीपाड़ा के लिए रवाना होंगे. इसके बाद सभी अपने मुहल्ले वापस हो जाएंगे. ग्यारहवीं को यानी 27 जून की रात 10 बजे सभी अखाड़ा जुलूस कुलीपाड़ा के लिए रवाना होंगे. मौके पर वार्ड पार्षद पति तौकीर राज, मोहम्मद शाहिद, ताज खान उर्फ चुन्नू खान, कांग्रेसी नेता अली कुरैशी उर्फ गुड्डू, आमिर खान, शाहिद परवेज, मोहम्मद राजा, मोहम्मद शाहबाज, शहजाद अंसारी, मोहम्मद फिरोज अंसारी, मों शाहिद अली आदि मौजूद थे.

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत् दिया प्रशिक्षण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता / राजमहल।** राजमहल प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल मो यूसुफ की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत् प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ और सुपरवाइजर उपस्थित हुए. प्रशिक्षण में मुख्य रूप से राजमहल अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो भी शामिल हुए. उन्होंने एसआईआर के दौरान बीएलओ की भूमिका पर विस्तृत रूप से जानकारी दी. जिसमें गणना फॉर्म का वितरण, संकलन और ऐप के माध्यम से एंट्री को सावधानी पूर्वक करने का निर्देश दिया. एसडीओ ने सभी को बताया कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई भी गलत मतदाता शामिल नहीं हो. इसका विशेष ध्यान रखते हुए सभी को अपना शत प्रतिशत देते हुए इस महाअभियान को सफल बनाना है. मौके पर पंचायत राज पदाधिकारी सूर्यनारायण चौधरी, बीपीओ गगन बापू, भारत मंडल विजय कुमार, कैलाश वर्मा, राकेश कुमार, संजय सिंह, श्रवण कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

## नगर परिषद कार्यालय, मधुपुर

**डाक बन्दोबस्ती सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026–27

**विज्ञापन संख्या :–04 / मधुपुर**

मधुपुर नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत सैरातों की बन्दोबस्ती वर्ष 2026–27 हेतु विज्ञापन निकाली गई थी, जिसमें होर्डिंग, पोस्टर, बैनर वर्ष 2026–27 की बन्दोबस्ती हेतु किसी भी व्यक्ति के द्वारा भाग नहीं लिए जाने के कारण पुनः उक्त सैरात में जिला स्तरीय कमिटि के आधार पर दर में संशोधन करते हुए दिनांक 01.07.2026 से 31.03.2027 तक अवधि के लिए बन्दोबस्ती हेतु भाग लेने के लिए आवेदन देने की तिथि दिनांक 23.06.2026 से 27.06.2026 तक निर्धारित की गई है, जिस किसी इच्छुक व्यक्ति के द्वारा उक्त बन्दोबस्ती में भाग लेना हो, वह नीचे वर्णित कण्डिका के अनुसार आवेदन के माध्यम से बन्द लिफाफे में आवेदन भरकर दिनांक 23.06.2026 से 27.06.2026 तक कार्यालय में रखे गए बक्से में डाल सकते हैं। सफल आवेदन की सूची दिनांक 29.06.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक एवं सैरात में बन्दोबस्ती हेतु सफल आवेदनकर्ता के साथ दिनांक 29.06.2026 को अपराह्न 02:00 बजे डाक की प्रक्रिया की जाएगी।

उक्त सैरात की बन्दोबस्ती में भाग लेने के लिए नियम व शर्तें पूर्वता रहेगी।

**डाक बंदोबस्ती (सैरातो एवं महालों की सूची)**

| क्र० | सैरातों का प्रकार | निर्धारित दर | डाक की न्यूनतम राशि (दिनांक 01.07.2026 से 31.03.2027 तक की अवधि के लिए) | बंदोबस्ती हेतु अग्रधन राशि (बैंक ड्राफ्ट) | जमानत की राशि (बैंक ड्राफ्ट) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नगर क्षेत्र में होडिंग, बैनर, फलैक्स, पोस्टर आदि विज्ञापन चार्ज वसूली की बन्दोबस्ती, वर्ष 2026–27 के लिए। | 70 रू० से 75 रू० प्रतिवर्ग फीट (विज्ञापन के प्रकार के अनुसार)। नोट –यूनिपोल, मोनोपोल विज्ञापन को छोड़कर। | 8,50,600 | 1,70,120 | 10,000 |

**नियम एवं शर्तें** :– नगर परिषद सूचना पट्ट एवं नगर परिषद के Website : www. udhd. jharkhand. gov. in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
मधुपुर नगर परिषद।

PR 383029 (Deoghar) 26-27 (D)

# उधवा में आम के पेड़ से लटका मिला युवक

**उधवा ।** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पलासगाछी पंचायत के खट्टीटोला गांव में एक युवक का शव आम का पेड़ में फंदे से लटका मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है.मिली जानकारी के अनुसार खट्टीटोला गांव निवासी स्व नूर मोहम्मद का 25 वर्षीय पुत्र हबीब शेख का शव उनके घर के पीछे लगे आम के पेड़ पर फंदे में लटका हुआ मिला.घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गया.परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जब मंगलवार को परिवार के सदस्य उसे ढूंढ रहे थे.तब घर के पीछे आम के पेड़ पर उसका शव लटका दिखाई दिया.घटना की सूचना राधानगर पुलिस को मिलते ही राधानगर थाना के एसआई शशिकांत यादव सहित अन्य पुलिस बल घटनास्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया.

# बीडीओ ने कहा-30 जून से घर-घर जाएंगे बीएलओ

**बरहेट ।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम को लेकर सोमवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों की बैठक प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ अंशु कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुई.इस दौरान नवनियुक्त एडीसी विजय कुमार भी उपस्थित रहे.बैठक में बीडीओ ने निर्देश दिया कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा किसी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल न हो.

उन्होंने बताया कि 30 जून से बीएलओ घर-घर जाकर इन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण करेंगे. इससे पूर्व सभी बीएलओ को फॉर्म भरने, मतदाताओं की जानकारी संकलित करने तथा पूर्व मतदाता सूची से मैपिंग की प्रक्रिया की पूरी जानकारी होनी चाहिए.उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व की एसआईआर मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं को अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी. बैठक में नोडल पदाधिकारी रुकेष गुप्ता, सुपरवाइजर आदित्य भगत, कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे.

# साहिबगंज की गरिमा साह बनी एबीएमभीएस महिला विंग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**साहिबगंज ।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की राष्ट्रीय महिला कार्यकारिणी के विस्तार के बाद साहिबगंज जिले के सामाजिक कार्यकर्ता गरिमा साह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है.उनकी नियुक्ति से साहिबगंज जिले सहित पूरे झारखंड में खुशी का माहौल है. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर गरिमा साह ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि या उनके लिए अत्यंत गौरव व सम्मान का विषय है. उन्होंने कहा कि राष्ट्र नेतृत्व में उन पर जो विश्वास जताकर जिम्मेदारी सौंपी है उसपर मै खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगी. केवल उन्हें सम्मान नही मिला है बल्कि पूरे झारखंड और विशेष रूप से साहिबगंज जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सम्मान मिली है .उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज मद्धेशिया, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष प्रीति गुप्ता एवं राष्ट्रीय महिला चेयरमैन रितु गुप्ता सहित समस्त राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताई है.

# पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**साहिबगंज ।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गौतम यादव के नेतृत्व में मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस जिले के सभी बूथों पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया.भाजपा प्रत्येक वर्ष 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को राष्ट्र की एकता, अखंडता और राष्ट्रवाद के प्रति उनके योगदान के स्मरण में मनाती है. कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया. वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया तथा उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है. भाजपा उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है.अवसर पर जिले के सभी मंडलों एवं बूथों पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे. सभी ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया.

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, देवघर

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–05 / 2026–27**

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, देवघर।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : 01.07.2026 **(1:00 बजे अपराह्न तक)**
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 03.07.2026 **को 3:00 बजे अपराह्न तक**
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 03.07.2026 **को 3:30 बजे अपराह्न**
5. परिमाण विपत्र बिक्री स्थान : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, देवघर / अधीक्षण अभियंता , का कार्यालय भवन अंचल दुमका।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : यथोक्त।
7. कार्य का विवरण :

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र की मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PCC Road Nirman Lakhan Hembram ke ghar se Kalbhat tak ,Vill- Balwa, GP- Bahgmara, Block- Margomunda, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 16,60,600.00 | 33,500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 2 | PCC Road Nirman Mirulal Hembram ke Ghar se Basram Hembram Ke Ghar tak ,Vill- Suggapahari, GP- Suggapahari, Block- Margomunda, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 3 | PCC Road Nirman Vill- Sirsiya, Block- Karon, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 8,25,900.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 4 | PCC Road Nirman ,Vill-Dhakwa,GP-Kasiya, Block-Karon,Dist-Deoghar. for the year 2026-27 | 16,60,600.00 | 33,500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 5 | PCC Road Nirman Pasupati Hembram ke ghar se Bablu Soren ghar tak, Vill- Dhobna, GP- Badnadih Block- Karon, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 9,98,400.00 | 20,000.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 6 | PCC Road Nirman Babe Tudu ke Ghar se PS School Bhawan tak, Vill- Shampur, GP- Pathaljor, Block- Madhupur, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 7 | PCC Road Nirman UPS School Bhawan se Darshan Hembram ke Ghar tak, Vill- Kadipahari, GP- Pathaljor, Block- Madhupur, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 23,77,700.00 | 48,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 8 | PCC Road Nirman Tekoiya Joriya se Mangal ghar tak, Vill- Barwa tola Tepoiya, PS- Punasi, Block- Deoghar, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 9 | PCC Road Nirman Butulal Ghar se Karu Murmu ke ghar tak, Vill- Bhiknadih, PS- Budhai, Block- Madhupur, Dist-Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 10 | PCC Road Nirman Adesi Tola tak, Vill - Nawada, PS- Budhai, Block- Madhupur, Dist- Deoghar | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 11 | PCC Road Nirman Ramlal ke Ghar se Sukhu Hansda ke ghar tak, Vill- Dhakodih, PS- Pathaljor, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 12 | PCC Road Nirman Charku Murmu ke ghar se Dhumchatan tak, Vill- Sikitiya, PS- Sikitiya, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 13 | PCC Road Nirman Gangu Soren ke ghar se Hiralal ke ghar tak, Vill- Raghunathpur, PS- Sikitiya, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 14 | PCC Road Nirman Sukhi Besra ke ghar se Mukhpath tak, Vill- Mahutand, PS- Sikitiya, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 15 | PCC Road Nirman Butulal Hembram ke ghar se Mukhpath tak, Vill- Krasjor, PS- Sikitiya, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 16 | PCC Road Nirman Binod Marandi ke ghar se Nanku Hembram ke ghar tak, Sonajor, PS- Jabhaguri, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 16,60,600.00 | 33,500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 17 | PCC Road Nirman Hira Hansda ke ghar se Roubet Tutu ke ghar tak, Vill- Fatehpur Thorandi, PS- Jabhaguri, Block- Madhupur, Dist- Deoghar | 16,60,600.00 | 33,500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 18 | PCC Road Nirman Ranjeet ke ghar se Anganbari tak, Vill- Loharjori, PS- Charpa, Block- Madhupur, Dist- Deoghar for the year 2026-27 | 8,32,800.00 | 17,000.00 | 1250.00 | 03 Months |
| 19 | PCC Road Nirman Pich Road se Charan Murmu ke ghar tak, Vill- Dharwadih, PS- Sujani, Block- Deoghar for the year 2026-27 | 24,88,400.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 03 Months |
| 20 | PCC Road Nirman Adivasi Tola tak, Vill - Dharwadih, Block- Deoghar , Dist.- Deoghar for the year 2026-27 | 19,88,100.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 03 Months |

1. कार्यावंटन के उपरान्त निदेशित किये जाने के एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा कर लेना अनिवार्य होगा अन्यथा कार्यावंटन रद्द कर अग्रधन की राशि जब्त करते हुए विभागीय कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारी को अनुशंसा कर दी जाएगी।
2. **वैसे संवेदक / एजेन्सी जिनका विभागीय कार्य समानुपाति प्रगति पर नहीं है एवं एक साथ कई कार्य लंबित रखे है साथ ही जिन्हे कार्य आवांटित है एवं एकरारनामा नहीं किया हो की निविदा विचारणीय नहीं होगा।**
3. सभी संवेदक अपने घोषणापत्र पर साफ–साफ अपना पुरा पता, मोबाईल नंबर /Whatsapp Number एवं Email id देना होगा ताकि संपर्क करने में सुविधा हो।
4. निविदा की शर्ते **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, देवघर

PR 383071 Building(26-27).D

## पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी खोबोर**

**सं.सीओएम/पीयूबी/पीआरआ/ई-ऑक्शन/2026** **माहितः 22.06.2026** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते अनुबंध एमोक् बाखरा आईआरईपीएस पोर्टल मेंताक्मे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** दाराय ते खुला ई-नीलामी नेवतायेत् काना। नोआ रेयाक् बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आः **नीलामी रेयाक् कैटेगरीः** पार्सल जायगा (एसएलआर) लीज रे एमोक्। **ई-ऑक्शन कैटलॉग सं.: एएसएन-पीएआरसी-070726, नीलामी एहोबोक् रेयाक् तारीकः** माहित 07.07.2026 हिलोक् 12.00 बजे, **क्रम सं., ट्रेन नंबर आर एसएलआर** दो नोडका लेका मेनाक्आः **(1)** 15925 (देवघर-डिब्रूगढ़) एफएसएलआर-1, **(2)** 12361 (आसनसोल-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) एफएसएलआर-1, **(3)** 22465 (मधुपुर-आनंदविहार टर्मिनल) एफएसएलआर-1, **(4)** 71322 (जसीडीह-वास्को द गामा) एफएसएलआर-1, जोतो नामडाक बोलीदाताको चेतान रेयाक् सूची लेका रे नोआ ई-नीलामी रेयाक् पुराउ बानाडाय आर सेलेदोक् लागित् दो वेबसाइट **www.ireps.gov.in** जेल रेयाक् सोलहा एमावाको काना।

**ASN-149/2026-27**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

**नोंडे पांजालेपेः** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**बरहरवा ।** बरहरवा प्रखंड अंतर्गत सातगाछी पंचायत के मालिन गांव में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने की घटना में 33 वर्षीय अर्जुन साहा की दर्दनाक मौत हो गई. घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई.प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को अचानक मौसम खराब होने के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अर्जुन साहा गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें बचाने का प्रयास किया गया. लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी.अर्जुन साहा अपने पीछे पत्नी और 5 वर्षीय मासूम पुत्र को छोड़ गए हैं. उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव के लोगों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है.

## ई-प्रोक्योरमेन्ट सेल
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, देवघर

**Very Short Notice inviting E- Quotation**

**ई–कोटेशन रेफरेन्स नं0– BCD/EE/05/DEOGHAR/2026-27 दिनांक– 22.06.2026**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Modular OT ORTHO, GYNAEC AND GEN under Sadar Hospital at Deoghar for the Year-2026-27 | 2,65,48,300.00 | 06 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.07.2026 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 11.07.2026 11:00 बजे |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल, देवघर। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि / समय एवं स्थान | 13.07.2026 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,झारखण्ड रॉची। |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9162458095 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 6200167600 |

10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है जो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी। सरकार द्वारा निर्गत सभी अद्यतन परिपत्र लागू रहेंगे।
13. E-Quotations are invited for BCD contactors/ Vendors/ Manufacturer's / Authorized Distributors / Authorized dealer/ Authorized Companies etc. having similar nature of work experience for the items included in this quotation.

- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना / बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
ई – प्रोक्योरमेन्ट सेल
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,देवघर

PR 383030 Building(26-27).D

# अंचल निरीक्षक ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ की बैठक,सेवाओं के प्रभावी संचालन पर जोर

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता बोरियो।** बोरियो प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को अंचल निरीक्षक सुधीर कुमार की अध्यक्षता में प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक हुई .बैठक में सीएससी जिला प्रबंधक आलोक आनंद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे.बैठक के दौरान जिला प्रबंधक आलोक आनंद ने आम नागरिकों को बेहतर एवं पारदर्शी ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की.विशेष रूप से जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, डिजी पे तथा टेली-लॉ सेवाओं के प्रभावी संचालन एवं लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया.अधिकारियों ने सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से आम जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया.साथ ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में आने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी विचार-विमर्श किया गया.बैठक में डिजिटल सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने, आम लोगों को जागरूक करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया.मौके पर राजस्व कर्मचारी गंगाधर दास,नीलम कुमार,कंप्यूटर ऑपरेटर सुशील दास, बीएम सगीर अंसारी ,प्रज्ञा केंद्र संचालक सुनील मरांडी, सहित अन्य उपस्थित थे.

## पांच कुंडीय हवन यज्ञ के साथ आज मनाई जाएंगी गायत्री जयंती

**साहिबगंज ।** नगर के चौधरी कॉलोनी स्थित अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री जयंती धूमधाम से मनाने को लेकर जोर शोर से तैयारी की जा रही है. उस दिन पूज्य गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के महा प्रयाण दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की जाएगी. गायत्री शक्तिपीठ में महिला मंडल के द्वारा सोमवार को गायत्री मां के गर्भ गृह का एवं मंगलवार को यज्ञ शाला का बृहत साफ सफाई की गई.

## एसकेएमयू में हूल दिवस की तैयारियां तेज



**दुमका।** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका में इस वर्ष हूल दिवस को पूरे उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में विश्वविद्यालय के सभी प्रमुख पदाधिकारियों, संकायाध्यक्षों और विभागाध्यक्षों ने हिस्सा लिया। आयोजन की शुरुआत 27 जून 2026 को भोगनाडीह जाने वाले पदयात्रियों के स्वागत से होगी। विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार और कैंटीन प्रांगण में पारंपरिक आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार लोटा-पानी से यात्रियों का अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद 30 जून 2026 को विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में भव्य मुख्य समारोह का आयोजन होगा। इस समारोह में हूल आंदोलन की विरासत, आदिवासी इतिहास और संस्कृति पर चर्चा की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं से इन कार्यक्रमों में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला : डीसी



**दुमका।** मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं तक एन्यूमरेशन फॉर्म पहुंचाने और उसे त्रुटिहीन तरीके से भरवाने की प्रक्रिया को सुदृढ़ करना था। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को पूरी पारदर्शिता और प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को संबोधित करते हुए मतदाता सूची से जुड़ी बुनियादी जानकारियों पर पकड़ मजबूत करने की बात कही। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है। इसकी शुद्धता और सटीकता को बनाए रखना बेहद जरूरी है, इसलिए सभी बीएलओ अपनी जिम्मेदारी को पूरी गंभीरता से निभाएं।

## सुब्रतो कप फुटबॉल का शानदार आगाज



**शिकारीपाड़ा।** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026 की शुरुआत मंगलवार को बेहद उत्साह के साथ हुई। यह खेल आयोजन 23 जून से 25 जून 2026 तक तीन दिनों के लिए निर्धारित है। प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथियों सीओ कपिल देव ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रकाश हॉसदा, झामुमो समन्वयक सचिव प्रभुनाथ हॉसदा और जामूगड़िया के मुखिया गैब्रियल मराण्डी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। इस खेल आयोजन में शिकारीपाड़ा प्रखंड के सभी विद्यालयों के अंडर 17 बालक और बालिका वर्ग के साथ-साथ अंडर 15 बालक वर्ग के खिलाड़ी अपना दमखम दिखा रहे हैं। पहले दिन खेले गए अंडर 17 बालक वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में प्लस टू उच्च विद्यालय शिकारीपाड़ा और उच्च विद्यालय चकलता की टीमें आमने-सामने थीं। कड़े मुकाबले में उच्च विद्यालय चकलता की टीम ने 4-3 के स्कोर से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

# दुमका रोजगार मेले में 106 युवाओं का चयन



### मेले में नियोजकों और आवेदकों का आंकड़ा

**शामिल नियोजक** – निजी क्षेत्र की कुल 17 कंपनियों और उनके प्रतिनिधियों ने मेले में हिस्सा लिया।

**कुल रिक्तियां** – विभिन्न पदों के लिए कुल 1375 रिक्तियां उपलब्ध थीं।

**पहुंचे आवेदक** – रोजगार की तलाश में लगभग 345 आवेदक एवं आवेदिकाएं मेले में सम्मिलित हुए।

**रोजगार के अवसर**– ऑन-द-स्पॉट कुल 106 योग्य उम्मीदवारों का अंतिम चयन किया गया, जबकि 134 आवेदकों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया।

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय, दुमका द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के पहले एक दिवसीय रोजगार मेले का भव्य आयोजन किया गया। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में आयोजित इस मेले का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवक-युवतियों और निजी क्षेत्र के नियोजकों को एक साझा मंच प्रदान करना था, ताकि युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर मिल सकें।

मेले के दौरान सहायक निदेशक (नियोजन), दुमका द्वारा युवाओं को नियोजनालय से मिलने वाली विभिन्न सरकारी सुविधाओं की विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में शामिल सभी नियोजकों ने बारी-बारी से अपने संस्थानों में मौजूद रिक्तियों और शर्तों के बारे में आवेदकों को बताया। इस मेले में कौशल केंद्र के प्रशिक्षणार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिन्हें निजी क्षेत्र की कार्य संस्कृति और नियोजन से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां दी गईं।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के रोजगार मेलों से युवाओं को सीधे नियोजकों से संवाद करने और अपनी इच्छानुसार सेवा शर्तों को समझकर रोजगार चुनने का मौका मिलता है। भविष्य में आने वाली रिक्तियों की जानकारी के लिए युवा झारखंड सरकार के आधिकारिक पोर्टल www.jharniyoajn.jharkhand.gov.in और जिला प्रशासन की वेबसाइट dumka.nic.in का अवलोकन कर सकते हैं, जहां दैनिक समाचार पत्रों के साथ-साथ सभी जानकारियां नियमित रूप से प्रदर्शित की जाती हैं।

## भाजपाइयों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत के निर्माण का लिया संकल्प

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं अखंड भारत के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 73वीं पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय, दुमका में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार मण्डल के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान राष्ट्रभक्ति के उनके महान कार्यों को याद करते हुए सभी ने दो मिनट का मौन रखा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार मंडल और प्रदेश कार्यसमिति सदस्य परितोष सोरेन के साथ-साथ जिला महामंत्री मृणाल मिश्रा, जिला मंत्री गायत्री जयसवाल, धर्मेंद्र सिंह, मार्शल ऋषिराज टूडू, पंकज वर्मा, दिसांशु कोचगवे, दिनेश सिंह, रामकृष्ण हेमब्रम, राजेश वर्मा, प्रवीण सिंह, पंकज मुर्मू, अमित कुमार, जयंत साहा और अजय मण्डल सहित कई अन्य कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नशे के खिलाफ जनआक्रोश, मुखिया और पुलिस ने सड़कों पर बहायी अवैध शराब



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**हंसडीहा।** पंचायत में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशाल और प्रभावी जनजागरण अभियान मंगलवार को चलाया गया। इस पूरे कार्यक्रम की कमान पंचायत की मुखिया आशा हेंब्रम ने संभाली। इस अभियान को सफल बनाने के लिए हंसडीहा पुलिस प्रशासन, जेएसएलपीएस की दीदियां, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका और स्थानीय ग्रामीण भारी संख्या में सड़कों पर उतरे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया आशा हेंब्रम ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप है। यह न सिर्फ इंसान के शरीर और दिमाग को खोखला करता है, बल्कि उसके सामाजिक जीवन को भी पूरी तरह बर्बाद कर देता है। नशे की वजह से ही आज घरों में घरेलू हिंसा, आर्थिक तंगी, सामाजिक अपमान और अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसका खामियाजा पूरे परिवार को भुगतना पड़ता है।

अभियान के दौरान जहां एक तरफ लोगों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प दिलाया गया, वहीं दूसरी तरफ एक्शन भी देखने को मिला।

## संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**दुमका ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हिजला रोड नागडीह में सोमवार रात एक दुःखद घटना सामने आई है, जहां एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। मृतका की पहचान अनामिका देवी के रूप में की गई है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। घटना की जानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है। इस मामले में तब नया मोड़ आया जब मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का दावा है कि अनामिका की मृत्यु स्वाभाविक नहीं है और उन्होंने इसे हत्या का मामला बताया है। परिजनों के इन आरोपों के बाद पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए हर संभावित पहलू से जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।

## घर में घुसकर मारपीट और 20 हजार छीनने का आरोप, दो युवक के खिलाफ प्राथमिकी

**हंसडीहा।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव निवासी विजय कुमार साह ने गांव के ही हरिनंदन जायसवाल एवं पंकज कुमार साह के खिलाफ मारपीट, नकदी छीनने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए हंसडीहा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में विजय कुमार साह ने बताया है कि 18 जून की शाम दोनों आरोपी उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि पंकज कुमार साह ने लोहे की रॉड से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे वे घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि मारपीट के दौरान उसकी जेब में रखे 20 हजार रुपये भी निकाल लिए गए। घटना के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। घायल अवस्था में इलाज कराने के बाद पीड़ित ने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हंसडीहा को मिली नमो एम्बुलेंस

**सरैयाहाट।** गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की पहल पर मंगलवार को हंसडीहा क्षेत्र को एक नई नमो एम्बुलेंस की सौगात मिली। एम्बुलेंस उपलब्ध होने से क्षेत्र के लोगों को दुर्घटना, गंभीर बीमारी तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में यह एम्बुलेंस महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एम्बुलेंस के उपलब्ध होने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई। इस अवसर पर भाजपा नेता रमेश सिंह, पंकज झा, दिनेश कापरी, देवेश जायसवाल, विजय कापरी, निश्छल साह सहित कई कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## इलाज कराकर लौट रहे युवक से मारपीट और छिनतई

**हंसडीहा ।** थाना क्षेत्र के सुड़ीगम्हरिया मोड़ के समीप पत्नी का इलाज करवाकर घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट और छिनतई की वारदात सामने आई है। घटना को लेकर पीड़ित छोटीरनबहियार गांव निवासी विज्ञान कुमार (30 वर्ष, पिता जनार्दन शर्मा) ने पुलिस को लिखित शिकायत दी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए दो नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, विज्ञान कुमार 15 जून की रात करीब 9:30 बजे अपनी पत्नी रिया देवी और मां करमलता देवी के साथ हंसडीहा से डॉक्टर के यहां से इलाज कराकर टोटो से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुड़ीगम्हरिया तालाब के पास से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686